Page 11

Page 09

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • गुरूवार • 29 जनवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 59 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




खेल

**इगा स्वियातेक ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर, एलिना रायबकिना और जेसिका पेगुला...**

देश

**यूजीसी नियमों का विरोध दिल्ली हाईकोटि ने केवल जातिवादी मानसिकता वाले कर रहे...**



## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,51,400 | ₹ 3,80,000 |





## आज का इतिहास

**2010 : भारत और रूस की संयुक्त परियोजना के तहत उत्पादन किए जा रहे पाँचवीं पीढ़ी के युद्धक विमान की उड़ान का रूस के सुदूर पूर्वी हिस्से में पहली बार सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया।**

**1978 : भारत की सबसे पहली जंबो ट्रेन (दो इंजन वाली) तमिलनाडु एक्सप्रेस को नयी दिल्ली स्टेशन से मद्रास (अब चेन्नई) के लिए रवाना किया गया।**

## न्यूज बाइट्स

### बिहार के पांच जिलों के कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**पटना (नि.सं.)।** पटना (नि. सं.)। बिहार के भागलपुर, समस्तीपुर, सीवान, बेगूसराय और मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे राज्य में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गई हैं। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से भेजी गई है, जिसमें विस्फोट करने के तरीके का भी उल्लेख किया गया है और यह भी लिखा गया है कि यह कदम क्यों उठाया जाएगा। धमकी मिलने के बाद संबंधित जिलों के कोर्ट परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और हर आने-जाने वाले व्यक्ति की सघन जांच की जा रही है। भागलपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर यह धमकी भरा संदेश भेजे जाने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं तथा कोर्ट परिसर के भीतर और बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

### नीतीश सरकार ने बनाई उच्चस्तरीय कमेटी, दलालों पर कसेगा शिकंजा

# सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर रोक

**यह पहल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उस घोषणा के बाद की जा रही है, जिसमें उन्होंने सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने और सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही थी।**

- विशेष निरीक्षण दल करेगा अस्पतालों की जांच
- लापरवाही या रिपोर्ट में देरी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी



**जिलाधिकारी को सौंपी गई जिम्मेदारी**

इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी जिलाधिकारियों को सौंपी गई है। राज्य सरकार ने हर जिले के डीएम को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने जिलों में कराई गई जांच और की गई कार्रवाई से संबंधित 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' हर हाल में स्वास्थ्य विभाग को भेजें। रिपोर्टिंग व्यवस्था को अनिवार्य बनाया गया है, ताकि राज्य स्तर पर नियमित निगरानी की जा सके और जहां भी लापरवाही या अनियमितता सामने आए, वहां तत्काल सख्त कार्रवाई की जा सके। सरकार का मानना है कि जिलाधिकारियों की सीधी जवाबदेही तय होने से निरीक्षण व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा अस्पतालों में सुधार की प्रक्रिया तेज होगी।

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई नीति तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा के बाद इस दिशा में तेजी से कार्रवाई करते हुए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जो राज्य की मौजूदा स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा कर जल्द ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे की नीति लागू की जाएगी। नई नीति को राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "सात निश्चय-3" के तहत "सुलभ स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन" की अवधारणा से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि आम लोगों को बेहतर, सस्ती और भरोसेमंद चिकित्सा सुविधा सरकारी अस्पतालों में ही उपलब्ध हो, ताकि उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े। निजी प्रैक्टिस पर रोक से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित कमेटी मौजूदा स्वास्थ्य तंत्र, डॉक्टरों की सेवाओं, अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का गहन अध्ययन करेगी। यह कमेटी निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं रेखा झा और पीएमसीएच के अधीक्षक के नेतृत्व में काम करेगी, जिसमें नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, बिहार एसोसिएशन ऑफ सर्विस डॉक्टर्स के अध्यक्ष और महासचिव तथा आईजीआईएमएस के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष को भी शामिल किया गया है। कमेटी निजी प्रैक्टिस पर रोक के बाद उत्पन्न होने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और डॉक्टरों के कार्यभार से जुड़े पहलुओं पर भी अपनी सिफारिशें देगी।

इसी क्रम में सरकारी और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखने के लिए राज्यभर में विशेष निरीक्षण दल का गठन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ निजी अस्पतालों और जांच घरों की भी नियमित जांच की जाए। निरीक्षण के दौरान यह देखा जाएगा कि कहीं मरीजों को जानबूझकर निजी संस्थानों की ओर तो नहीं भेजा जा रहा है और सरकारी सुविधाएं सही ढंग से उपलब्ध कराई जा रही हैं या नहीं।

स्वास्थ्य विभाग को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ दलाल सरकारी अस्पतालों से मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों में भेजते हैं, जिससे मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी सहित कठोर कदम उठाए जाएंगे।

राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक जिले से निरीक्षण और कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजना अनिवार्य होगा। एक्शन टोकेन रिपोर्ट हर हाल में सौंपने का निर्देश दिया गया है और लापरवाही या देरी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सरकार का साफ संदेश है कि अब स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी तरह की अनियमितता, भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सरकारी डॉक्टरों की जवाबदेही तय कर मरीजों को सरकारी अस्पतालों में ही बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन, विमान में सवार चार लोग भी मारे गए

- उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। अजित पवार न केवल अपनी प्रशासनिक पकड़, बल्कि अपनी विशाल संपत्ति और आलीशान जीवनशैली के लिए भी जाने जाते थे। चुनावी हलफनामों और हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वे अपने पीछे करोड़ों की चल-अचल संपत्ति छोड़ गए हैं।



**बिहार के शीर्ष नेताओं ने जताया शोक**

इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देशभर के कई वरिष्ठ नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। बिहार के भी तमाम दिग्गज नेताओं ने अजित पवार के असामयिक निधन पर शोक जताते हुए इसे देश की राजनीति के लिए बड़ी क्षति बताया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है और वे इस दुखद समाचार से मर्माहत हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से भी शोक व्यक्त किया गया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने अजित पवार समेत सभी दिवंगतों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। राजद नेताओं ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और देश ने एक अनुभवी जननेता को खो दिया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी इस हादसे पर शोक जताया है। दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे हृदय विदारक घटना बताया और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगतों की आत्मा को शांति दें तथा परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें।

**एजेंसी** | बारामती (पुणे)

बुधवार की सुबह को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का चार्टर्ड विमान बारामती (पुणे) एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में अजित पवार सहित विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि वे पंचायत चुनाव से जुड़ी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए मुंबई से बारामती जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लियरजेट-45 श्रेणी का यह विमान सुबह मुंबई से रवाना हुआ था। बारामती एयरपोर्ट पर पहली बार लैंडिंग की कोशिश के दौरान रनवे स्पष्ट दिखाई नहीं देने के कारण पायलट ने विमान को दोबारा ऊपर उठाया। इसके बाद दूसरी बार लैंडिंग के प्रयास में विमान रनवे से फिसल गया और क्रैश होते ही उसमें भीषण आग लग गई। आग और विस्फोट के कारण किसी को भी बचाया नहीं जा सका। हादसे में अजित पवार के साथ दो पायलट, एक महिला क्रू मेंबर और एक सुरक्षा कर्मी की भी जान चली गई।

हादसे के बाद घटनास्थल पर भयावह दृश्य देखने को मिले। विमान का मलबा चारों ओर बिखरा हुआ था और आग की ऊंची लपटें उठती रहीं। सूचना मिलते ही दमकल, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की तीव्रता के कारण राहत कार्यों में काफी कठिनाई आई। घटना की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य नेता बारामती पहुंचे और हालात का जायजा लिया। राज्य सरकार ने पूरे महाराष्ट्र में तीन दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है।

# नवजात शिशुओं की देखभाल होगी और मजबूत, 115 एफआरयू में स्थापित होंगी अत्याधुनिक एनबीएसयू : मंगल पांडेय

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार सरकार नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने और उन्हें समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्यभर में विशेष देखभाल व्यवस्था को और मजबूत करने जा रही है। इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बुधवार को घोषणा की कि बिहार के विभिन्न जिलों में चिन्हित 115 प्रथम संदर्भ इकाइयों (एफआरयू) में अत्याधुनिक नवजात स्थिरीकरण इकाइयों (एनबीएसयू) की स्थापना की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस संबंध में राज्य के कई जिलों के सिविल सर्जनों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय सीमा में एनबीएसयू की स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्री-टर्म यानी समय से पहले जन्म लेने वाले, कम वजन (लो बर्थ वेट) वाले और जन्म के समय सांस लेने में परेशानी से जूझ रहे नवजात शिशुओं की बड़ी संख्या पहले सप्ताह में ही दम तोड़ देती है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। ऐसे मामलों में यदि समय पर विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाए, तो नवजातों की जान बचाई जा सकती है।

मंगल पांडेय ने कहा कि एनबीएसयू की स्थापना से बीमार और कमजोर नवजात शिशुओं को तुरंत प्राथमिक उपचार, तापमान नियंत्रण, ऑक्सीजन सपोर्ट, दवाइयों और आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी की सुविधा मिल सकेगी। इससे गंभीर स्थिति में जन्म लेने वाले बच्चों को बड़े अस्पतालों में रेफर करने से पहले ही आवश्यक स्थिरीकरण उपचार मिल पाएगा, जिससे उनकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इसी क्रम में प्रसव के बाद नवजातों की देखभाल व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनबीएसयू के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे नवजातों की जटिल स्थितियों को समय रहते पहचान सकें और उचित इलाज शुरू कर सकें।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से बिहार में नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आएगी और ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में भी बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। सरकार का लक्ष्य है कि जन्म के बाद के सबसे संवेदनशील पहले सप्ताह में नवजातों को सुरक्षित और प्रभावी इलाज उपलब्ध कराकर उन्हें स्वस्थ जीवन की मजबूत शुरुआत दी जा सके।

### दरभंगा पहुंची सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा, कहा

# 138 करोड़ की योजनाओं से मिथिलांचल के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**निज संवाददाता** | दरभंगा



बिहार में विकास के एजेंडे को और तेज करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को दरभंगा पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनके पहुंचते ही जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी सक्रिय दिखे। मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि परियोजनाओं में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले में कुल लगभग 138 करोड़ रुपये की लागत से संचालित और प्रस्तावित विकास योजनाओं को लेकर घोषणाएं कीं। इनमें करीब 105 करोड़ रुपये की लागत से 50 नई योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जबकि लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई 40 योजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं से सड़क, परिवहन, शहरी आधारभूत ढांचा और नागरिक सुविधाओं में बड़ा सुधार आएगा, जिससे मिथिलांचल क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री का पहला पड़ाव दिल्ली मोड़ स्थित निर्माणाधीन आधुनिक अंतरराज्यीय बस पड़ाव रहा, जहां उन्होंने लगभग 88.78 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बस स्टैंड की प्रगति का निरीक्षण किया। अधिकारियों से परियोजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि दिसंबर 2027 तक हर हाल में इस परियोजना को पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा दोनों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह बस पड़ाव दरभंगा के यातायात और व्यापारिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री आमस–दरभंगा पथ परियोजना के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने उन्हें परियोजना से जुड़े विभिन्न चरणों की जानकारी दी। यह सड़क परियोजना मिथिलांचल को राज्य के अन्य हिस्सों से बेहतर ढंग से जोड़ने वाली प्रमुख संपर्क सड़क मानी जा रही है, जिससे आवागमन के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा हवाई अड्डे के निर्माणाधीन सिविल एन्क्लेव और टर्मिनल भवन का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि टर्मिनल भवन का मुख्य ढांचा एक महीने के भीतर तैयार हो जाएगा, जबकि 'कैट-टू' लाइटिंग सिस्टम का कार्य मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद रात के समय भी विमानों की लैंडिंग संभव हो सकेगी, जो लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग रही है। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के विकास को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला नागेंद्र झा स्टेडियम पहुंचा, जहां विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और जनता तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता विकास कार्यों को धरातल पर उतारना है, न कि केवल कागजी उपलब्धियां दिखाना।

## प्रशासनिक फेरबदल, 51 अधिकारियों का तबादला

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में नीतीश सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के 51 अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती का आदेश जारी किया है। इस फेरबदल में कई अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बदले गए हैं, वहीं अपर सचिव, संयुक्त सचिव, अपर समाहर्ता और उप सचिव स्तर के अधिकारियों की भी नई पोस्टिंग की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से 51 अधिकारियों के तबादले और पदस्थापन की अधिसूचना बुधवार की शाम जारी की गई। जारी अधिसूचना के अनुसार जिन 51 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनमें से 27 पदाधिकारी अब तक पोस्टिंग की प्रतीक्षा में थे। वरीय बिप्रसे अधिकारी मृणायक दास को स्वास्थ्य विभाग का अपर सचिव बनाया गया है, जबकि तारानंद महतो को कला एवं संस्कृति विभाग का अपर सचिव नियुक्त किया गया है। मोहम्मद अतहर को बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। वहीं अशोक कुमार गुप्ता को बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अनुमंडलों में नए एसडीओ की तैनाती की गई है। फारबिसगंज (अररिया) में अभय कुमार तिवारी, मोहनियां (कैमूर) में रत्ना प्रियदर्शिनी, सिकरहना (पूर्वी चंपारण) में विजय कुमार, गोगरी (खगड़िया) में संजय कुमार, महुआ (वैशाली) में विवेक चंद्र पटेल, अररिया सदर में बलवीर दास, बारसोई (कटिहार) में राजू कुमार, बगहा में चांदनी कुमारी, शेखपुरा में प्रियंका कुमारी और सुपौल सदर में मनोहर कुमार साहू को अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है।

# सूबे के 138 केंद्रों पर इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

- 2 से 13 फरवरी तक होगी परीक्षा

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 राज्य के 1762 परीक्षा केंद्रों पर 2 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। बोर्ड इस बार भी परीक्षा परिणाम समय पर और अन्य राज्यों की तुलना में पहले जारी करने की तैयारी में जुटा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए राज्यभर में 138 मूल्यांकन केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं, ताकि मूल्यांकन कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा सके। समिति ने सभी मूल्यांकन केंद्रों के लिए सेंटर कोड, मूल्यांकन निदेशक का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी जारी कर दी है, जिससे प्रशासनिक समन्वय में किसी तरह की दिक्कत न हो।

जिलेवार मूल्यांकन केंद्र भी तय कर दिए गए हैं और एक जिले में कुल सात मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, जहां उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। मूल्यांकन कार्य पूरी तरह सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना न रहे। बोर्ड के अनुसार मूल्यांकन का कार्य प्रतिदिन सुबह नौ बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। जांच के साथ-साथ उसी दिन उत्तरपुस्तिकाओं के अंकों की प्रविष्टि कंप्यूटर सिस्टम में की जाएगी, जिससे परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

### गुजरात के सीमावर्ती भुज जिले के 'ग्रेट रन ऑफ कच्छ' के धोरडो क्षेत्र में देशभक्ति, स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत दृश्य

# 77वें गणतंत्र दिवस पर कच्छ के रन में लहराया दुनिया का सबसे विशाल खादी तिरंगा

**विशेष संवाददाता** | कच्छ (गुजरात)



77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुजरात के सीमावर्ती भुज जिले के 'ग्रेट रन ऑफ कच्छ' के धोरडो क्षेत्र में देशभक्ति, स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब खादी से निर्मित दुनिया के सबसे विशाल स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज का भव्य और दिव्य प्रदर्शन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विज़न से प्रेरित होकर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने किया, जिसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का सहयोग प्राप्त रहा। सफेद नमक के विस्तृत रेगिस्तान के बीच लहराता विशाल तिरंगा राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी शक्ति का प्रतीक बनकर उभरा। इस अवसर पर देशभर के लाखों खादी कारीगरों ने वीडियो संदेशों के माध्यम से तिरंगे को सलामी देकर एक नया कीर्तिमान रचा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने इस विशाल खादी तिरंगे को पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ सलामी दी, जिससे माहौल अत्यंत भावुक और गर्व से भर उठा। राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन में भावनात्मक क्षण तब आया, जब केवीआईसी अध्यक्ष ने मंच से भारतीय सेना के वीर शहीद सार्जेंट मुरलीधर की पत्नी राजकुमारी को सम्मानित कर उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्रसेवा को नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार रहे। समारोह में भारतीय सेना और बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गुजरात सरकार और केवीआईसी के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खादी कारीगर उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत गुजरात के कारीगरों को आधुनिक उपकरण और टूलकिट भी वितरित किए गए, ताकि वे अपने कार्य को अधिक कुशलता और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ा सकें।

यह आयोजन इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि 26 जनवरी 2026 को वर्ष 2001 में आए विनाशकारी भुज भूकंप के 25 वर्ष पूरे हुए। इस पृष्ठभूमि में कार्यक्रम के दौरान भूकंप में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई और कच्छ की अदम्य जिजीविषा, साहस, पुनर्निर्माण क्षमता और विकास की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार आपदा के बाद कच्छ ने खुद को फिर से खड़ा कर विकास की नई इबारत लिखी। अपने संबोधन में केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कच्छ के रन में दुनिया के सबसे विशाल खादी तिरंगे का प्रदर्शन राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है और यह कार्यक्रम 'ऑपरेशन सिंदूर' के वीर जवानों को समर्पित है।

### बिहार में आपदा से बचाव की बड़ी तैयारी

# चार हजार से अधिक शिक्षकों और हजारों बच्चों को मिला प्रशिक्षण

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार सरकार के निर्देश के अनुसार हर महीने के अंतिम बुधवार को विभिन्न विभाग अपने कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी प्रेस के माध्यम से साझा करते हैं। इसी क्रम में बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें राज्य में आपदा से बचाव को लेकर चलाए जा रहे प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव मोहम्मद गफ्फार ने बताया कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्यभर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जन-जागरूकता के लिए कई स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि भूकंप, बाढ़, आग, वज्रपात और डूबने जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके और आम लोग समय रहते सतर्क होकर सुरक्षित रह सकें।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा को लेकर विभाग ने विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया है, जिसके तहत न केवल दिव्यांग बच्चों को बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी आपदा के समय आवश्यक सावधानियों और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। अब तक करीब 1352 दिव्यांग बच्चों को तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण देकर आपदा से बचाव के व्यावहारिक उपाय सिखाए जा चुके हैं, ताकि संकट की घड़ी में वे घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पूजा हवन के बाद नम आंखों से दी गई मां शारदे को विदाई
### न्यू स्टूडेंट क्लब रानीबाजार में स्थापित माँ सरस्वती की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**कौआकोल।** कौआकोल ब्लॉक के पास स्थित न्यू स्टूडेंट क्लब रानीबाजार में बुधवार को विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत व परम्परागत ढंग से नम आँखों से विदाई दी गई। क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में सदस्यों ने गाजे-बाजे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। इसके पूर्व पंडाल परिसर में पूजा-अर्चना के बाद हवन किया गया। जब मां शारदे की विदाई का समय आया तो श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। इस दौरान हर वर्ष की भांति पूजा कमिटि के सदस्यों ने गाजे बाजे के साथ मां शारदे प्रतिमा का बाजार में परिभ्रमण कराने के बाद छतवईया आहर में माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। कमिटी के सदस्य सिंटू पांडेय,अजित कुमार,मनीष राज,राजा,नीतीश,संदीप,गोपाल,अमन आदि सदस्यों ने अपनी अपनी भागीदारी शांति पूर्ण माहौल में प्रतिमा विसर्जन करने में सुनिश्चित की।

### नवादा विधि महाविद्यालय में साइबर अपराध पर दो दिवसीय कार्यशाला को लेकर बैठक आयोजित

**नवादा।** आज दिनांक 28 जनवरी 2026 को नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा के कैंपस–2, सोनसरी में आगामी 31 जनवरी 2026 से आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला साइबर अपराध जैसे गंभीर और बढ़ते विषय पर केंद्रित होगी। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। जानकारी और जागरूकता के अभाव में आमजन इसके शिकार हो रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट और तकनीक का बढ़ता उपयोग जहां सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं साइबर अपराधियों को भी नए अवसर दे रहा है। ऐसे में समाज को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रकार, उनके दुष्परिणाम तथा उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ साझा की जाएंगी, जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध, डेटा चोरी, बैंकिंग फ्रॉड एवं साइबर कानूनों की जानकारी शामिल होगी। बैठक में कार्यशाला के सफल संचालन हेतु रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियाँ संबंधित सदस्यों को सौंपी गईं। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार, तकनीकी व्यवस्था एवं प्रतिभागियों की सहभागिता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में प्राचार्य ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### अलग अलग मामले में एक नाबालिग समेत 5 को पुलिस ने किया बरामद

**नरहट (नवादा)।** नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार के नेतृत्व में नरहट थाना कांड से जुड़े अलग अलग मामले में विभिन जगहों पर छापेमारी कर एक नाबालिग समेत पांच को बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 352/ 25 में प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले में एक लड़की को पुनौल से बरामद किया गया है जिसका न्यायालय में बयान कराया जाएगा। कांड संक्या 23/26 से जुड़े मामले में पॉलिटेक्निक कॉलेज खनवां पढ़ाई कर रहे के एक युवक को मिर्जापुर यूपी से बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक रिजल्ट ठीक नही आने के कारण परेशान था और यूपी चला गया है। बड़ीपाली गांव से जुड़े कांड संख्या 30/26 में एक महिला को बरामद किया गया है, घरेलू विवाद के कारण भाग गई थी। नरहट महंत बिगहा कांड संख्या 25/26 से जुड़े मामले में एक नाबालिग लड़की के साथ एक युवक को तामिलनाडु से बरामद किया गया है। बरामद लड़की का न्यायालय में बयान कराया जाएगा एवं युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

### कन्या मध्य विद्यालय में छात्राओं को किया गया पुरस्कृत




**कौआकोल।** प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय कौआकोल में समारोह का आयोजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध कुमार पासवान ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में झंडोतोलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की सचिव पूजा कुमारी के द्वारा कॉपी,कलम आदि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक रणवीर कुमार,सुभद्रा कुमारी पासवान, इम्तियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

### गन्ना उत्पादन में वृद्धि को लेकर सिधवलिया चीनी मिल का किसान संगोष्ठी आयोजित
#### कोटवा के मठबनवारी में आयोजित हुआ किसान संगोष्ठी

**कोटवा।** प्रखंड के मठ बनवारी चौक के समीप बुधवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन भारत शुगर मिल सिधवलिया द्वारा आयोजित किया गया।संचालन अरविंद यादव ने किया।किसान संगोष्ठी में गन्ना उत्पादन में वृद्धि को लेकर किसानों को गुर सिखाए गए।कार्यपालक अध्यक्ष विकास चंद्र त्यागी,कार्यपालक अध्यक्ष ईख संजीव शर्मा ,गन्ना प्रबंधक अमित त्यागी,ब्लॉक इंचार्ज मुकेश कुमार झा द्वारा किसान संगोष्ठी में किसानों को संबोधित किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन को देखते हुए गन्ना फसल में गहरी जुताई के महत्व,बीच उपचार एवं भूमि उपचार ,उचित खाद एवं उर्वरक की मात्रा,भूमि के किस्म के अनुसार गन्ना बीज का चुनाव, चीनी मिल द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधा ,उचित खुट्टी प्रबंधन की एवं यंत्रीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर एरिया इंचार्ज सतेंद्र राय,धीरज गुप्ता, सेराज खान, एटीएसपी रामबाबू यादव,सैफ अली खान,किसान भूपेंद्र सिंह, नविंद्र सिंह,अवध किशोर सिंह,सुरेंद्र सिंह,अरविंद कुमार यादव,राजेश्वर प्रसाद यादव,रामशिस प्रसाद यादव, मोसाहेब राय,नागेंद्र प्रसाद यादव,रामेश्वर प्रसाद यादव,संजय यादव,गगन प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग सामिल हुए।

### पुलिस दबिश के कारण लूटकांड के अभियुक्त ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**घोड़ासहन।** झरोखर थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 08/26 लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस कांड के नामजद अभियुक्त रंजन कुमार, पिता लालबाबू प्रसाद, ग्राम खड़सलवा, थाना झरोखर, ने पुलिस के दबाव और लगातार की जा रही छापेमारी के कारण आज माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लूट कांड के बाद से ही झरोखर थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस की सक्रियता, तकनीकी निगरानी और संभावित ठिकानों पर की गई दबिश से अभियुक्त पर लगातार दबाव बना हुआ था। इसी दबाव के चलते अभियुक्त ने स्वयं को कानून के हवाले करते हुए न्यायालय में आत्मसमर्पण करना उचित समझा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आत्मसमर्पण के बाद अभियुक्त से न्यायिक प्रक्रिया के तहत पूछताछ की जाएगी तथा कांड से जुड़े अन्य तथ्यों और संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। पुलिस का कहना है कि आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है।



# जिले में राजस्व कार्यों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

निज संवाददाता। नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व कार्यों से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी अंचलों में संचालित राजस्व संबंधी योजनाओं एवं सेवाओं की अद्यतन प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा कार्यों में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के क्रम में फार्मर रजिस्ट्रेशन (FR) की समीक्षा करते हुए यह पाया गया कि पकरीबरावां, नारदीगंज एवं कौआकोल अंचलों में फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्य में तेजी लाई जाए।ऑनलाइन म्यूटेशन की समीक्षा के दौरान अकबरपुर प्रखंड में प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध लंबित मामलों की संख्या अधिक पाई गई। जिला पदाधिकारी ने ऐसे सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं परिमार्जन प्लस के अंतर्गत प्राप्त कुल आवेदनों में से 51,371 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 8,415 आवेदन अब भी लंबित हैं। इन लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

ई-मापी योजना की समीक्षा के क्रम में यह जानकारी दी गई कि समेकित रूप से प्राप्त आवेदनों में 554 आवेदन लंबित हैं, 934 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं तथा शेष आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विवादित एवं अविवादित दोनों प्रकार की मापी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके।राजस्व रसीद अद्यतन अभियान की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने अंचलों में माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी रैयतों से राजस्व रसीद अद्यतन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही राजस्व महा-अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों से प्राप्त शेष आवेदनों को शीघ्र स्कैन कर पोर्टल पर प्रविष्टि कराने का भी निर्देश दिया गया।

आधार सीडिंग की समीक्षा में मेसकौर, सिरदला एवं अकबरपुर अंचलों में प्रगति कम पाई गई। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को अगली बैठक तक शत-प्रतिशत आधार सीडिंग पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों के हाट एवं बाजारों में शौचालय निर्माण को लेकर जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए शीघ्र शौचालयों का निर्माण कराया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, गोपनीय शाखा प्रभारी श्री राजीव कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्री गौरव शंकर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अभय कुमार तिवारी सहित सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकने हेतु जीविका दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण



निज संवाददाता। नवादा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में 100 दिवसीय बाल विवाह उन्मूलन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28 जनवरी 2026 को लाइब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में जीविका दीदियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य "बाल विवाह मुक्त भारत" के लक्ष्य को साकार करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, सुश्री शिल्पी सोनीराज ने की। कार्यक्रम का संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण सत्र में एल०ए०डी०सी०एस (Legal Aid Defense Counsel System) के अधिकारियों द्वारा जीविका दीदियों को बाल विवाह से संबंधित कानून, इसके दुष्परिणाम, रोकथाम के उपाय तथा जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने की रणनीतियों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा द्वारा जीविका दीदियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा बाल विवाह की सूचना मिलने पर कानूनी प्रक्रिया एवं संबंधित संस्थाओं को सूचित करने के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अतिरिक्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल, एल०ए०डी०सी०एस के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के माध्यम से जीविका दीदियों को बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

## सीआरसी चिरैला में प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न, शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

निज संवाददाता। रजौली

प्रखंड अंतर्गत सीआरसी चिरैला में सीआरसी स्तर की प्रधानाध्यापकों की एक बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में सीआरसी चिरैला,सीआरसी बलिया एवं सीआरसी चित्रकोली के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया।

बैठक में सीआरसी हेड सहित निपुण भारत मिशन के मास्टर ट्रेनर्स जितेन्द्र कुमार,प्रियांशु राज एवं प्रीति कुमारी उपस्थित रहीं।बैठक का संचालन पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो श्री प्रशांत सोनटक्के द्वारा किया गया।बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रखंड की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई तथा एफएलएन,टीएलएम,विद्यालय पुस्तकालय, बाला पेंटिंग एवं प्रातःकालीन सभा से जुड़ी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही विद्यालय एवं सीआरसी स्तर पर आ रही समस्याओं की पहचान कर उनके व्यावहारिक समाधान पर सहमति बनी।



सीआरसी में बैठक के दौरान प्रधानाध्यापकगण

इस अवसर पर सभी विद्यालयों में पुस्तकालय की स्थापना एवं नियमित संचालन,प्रभावी विद्यालय प्रबंधन तथा छात्रों के अधिगम परिणामों में सुधार पर विशेष जोर दिया गया।इसके अलावा प्रत्येक माह सीआरसी स्तर पर प्रधानाध्यापकों की नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी प्रधानाध्यापकों ने शैक्षणिक गुणवत्ता एवं निपुणता स्तर बढ़ाने हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बीस सूत्री की बैठक में चल रही विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

निज संवाददाता। नरहट (नवादा)

प्रखण्ड में चल रही विभिन्न योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण सफल संचालन के लिए बुधवार को प्रखण्ड सभा कक्ष में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में सर्व प्रथम पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्ताव की समीक्षा की गई। बैठक में हिसुआ विधानसभा के भाजपा विधायक अनिल सिंह पहुचें। विधायक को मंच पर पहुचते ही अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष एहतेशाम उर्फ बंटी, प्रमोद सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर सम्मानित किया। बैठक में बारी बारी से सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। सदन में बैंक प्रबंधक संजय चौधरी द्वारा बैंक में चल रही अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दिया। सदन में बारी बारी से मनरेगा से नए बने जी राम जी योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने पीओ से चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। सदन में नलजल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ योजना, वुनियादी केंद्र, जनवितरण प्रणाली, पशुपालन विभाग में चल रही जनहित योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उस समय गहमागहमी हो गया जब बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि



बीस सूत्री की बैठक में विधायक को सम्मानित अध्यक्ष एवं अन्य

बीपीआरओ द्वारा केवल सैदपुर पंचायत से विवाह मंडपम के योजना में अनापत्ति क्यों मांगा गया सभी पंचायत के लिए क्यों नही। बीडीओ प्रशांत कुमार ने भी इस पर आपत्ति जताई। इस पर बीपीआरओ ने बीडीओ के प्रति गुस्सा जाहिर करते हुए शब्दों के तीखे वाण चलाये। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए बीपीआरओ शिल्पी नेहरू को नसीहत दी कि आपको व्यवहारिक अनुवभ नही है। विधायक ने बीपीआरओ को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आप मेरी बेटी बहन के समान हैं, नौकरी में कुर्शी की मर्यादा होती है। विधायक ने सभी से मिल जुलकर जनहित को ध्यान में रखते हुए विकास की योजना को आगे बढ़ना में प्राथमिकता देनी है। इस मौके पर उमाकांत सिंह, रामपदारथ सिंह, टुनटुन सिंह, थानाध्यक्ष गौतम कुमार आदि मौजूद थे।

# 17 सूत्री मांगों को लेकर नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी की बैठक

निज संवाददाता। नवादा

नवादा शहर के हरिश्चंद्र स्टेडियम में बुधवार को बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (महासंघ गोपगुट) - की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नंदन कुमार ने की। उन्होंने बताया कि 17 सूत्री मांगों को लेकर नवादा जिले के नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी बैठक में जुटे और मांगो को पूरा करने हेतु रणनीति तैयार की।

जिले के राजस्व कर्मचारीऔर राजस्व विभाग के बीच बीते साल हुए समझौते के अनुरूप अब तक विभाग ने एक भी मांग पूरा नहीं किया है अपितु बीते दिनों में कर्मचारियों के कार्य भोज में लगातार वृद्धि हुई है जिससे राजस्व कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया है राजस्व कर्मचारी का कहना है कि लंबे समय से उनके जायज मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है विरोध का मुख्य बिंदु अत्यधिक कार्यभार एक-एक कर्मचारी को 3 से 4 हल्का का अतिरिक्त प्रभार अंचल निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार अन्य विभागों के कार्यों में प्रतिनिधि बिना किसी अवकाश के प्रतिदिन 15 से 16 घंटे काम लिया जा रहा है जो श्रम कानून एवं संविधान के अनुच्छेद का उल्लंघन है अत्यधिक कार्य व अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति के कारण अपने विभाग का कार्य लंबित होने पर सीधे कठोर कार्रवाई की जा रही है कारण वेतन रोकने निलंबन जैसे धमकी दी जाती है

राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि 2025 मई में नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर गए थे। सरकार ने मांगो को पूरा करने का आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त करा दिया गया पर सरकार ने अब तक मांगों पर कोई विचार नहीं किया है।

जिलाध्यक्ष नंदन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब तक सरकार मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती तो हमलोग आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि मांगों में गृह

जिला में पदस्थापन, वेतनमान 1900 से बढ़ाकर 2800 करने, सेवा संपुष्टि, अतिरिक्त पंचायतों का प्रभार हटाने, रिक्त पदों की बहाली, सुरक्षा की गारंटी, संवर्ग परिवर्तन पर रोक, बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्ति, कंप्यूटर दक्षता की अनिवार्यता से छूट, एसीपी और एमएसीपी का लाभ, लंबित विभागीय कार्रवाई से मुक्ति, शोषण पर रोक, विभाग में राजस्व कर्मचारी का पद सुरक्षित करने, ऑनलाइन कार्य के लिए उपकरण और रिचार्ज की सुविधा, क्षेत्र भ्रमण के लिए मोटरसाइकिल, पुरानी पेंशन की बहाली, विभागीय पत्रों का अनुपालन और 10 वर्ष सेवा वाले कर्मचारियों को पदोन्नति देने जैसी मांगें शामिल हैं।

राजस्व कर्मचारी नितेश कुमार मिश्रा आदि ने बताया कि उनकी पदस्थापना कंप्यूटर द्वारा रैंडम तरीके से की गई। पुराने राजस्व कर्मचारियों की पोस्टिंग उनके गृह जिले में है। जबकि नवनियुक्त कर्मचारियों की पोस्टिंग 400 से 500 किलोमीटर दूर कर दी गई है। बैठक में दीपक कुमार, नरेंद्र कुमार, मिथुन कुमार मिट्ठू, प्रकाश कुमार, आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे.

## कुण्डवा चैनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 600 बोतल नेपाली शराब व बाइक बरामद, विभिन्न मामलों में 5 गिरफ्तार



निज संवाददाता। घोड़ासहन

कुण्डवा चैनपुर थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस अभियान के दौरान खरुई गांव के पास एक मोटरसाइकिल पर लदी भारी मात्रा में अवैध नेपाली शराब बरामद की गई है। पुलिस जांच में मोटरसाइकिल से कुल 600 बोतल नेपाली शराब जब्त की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 180 लीटर आंकी गई है। यह शराब अवैध रूप से तस्करी कर लाई जा रही थी।

पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई में न केवल शराब तस्करी का खुलासा हुआ, बल्कि विभिन्न गंभीर मामलों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई। जानकारी के अनुसार, हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, उत्पाद अधिनियम से संबंधित एक मामले में 01 अभियुक्त को पकड़ा गया है।

इसके अतिरिक्त भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 129 के तहत 01 अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। इस प्रकार कुल 05 अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के बड़हरवा फतेह महमद निवासी अजीज अंसारी, फकरुद्दीन अंसारी व जफरुल के रूप में की है। वहीं उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार



अभियुक्त की पहचान सीतामढ़ी जिला के सुरसंड थाना क्षेत्र बनौरी निवासी भुवनेश्वर कुमार तथा बीएनस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के हरनाथा परसौनी निवासी अवनीश कुमार के रूप में की है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े तथ्यों का खुलासा हो सके। बरामद शराब और मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आम जनता से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 'एक शाम शहीदों के नाम' अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

निज संवाददाता। नवादा

77वें गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर हिसुआ प्रखंड सभागार में देशभक्ति की बयार बही। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद प्रसाद की अनूठी पहल पर 'एक शाम शहीदों के नाम' अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की सीमा पर प्राण न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों को कविताओं के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**विविध रसों से सजी काव्य गोष्ठीः** देर रात तक चले इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। कवि दीनबंधु पाण्डेय की अध्यक्षता और कवि ओंकार कश्यप की संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में कवि



उदय कुमार भारती ,शफीक जानी नादाँ ,प्रवीण कुमार पंकज ,जितेंद्र राज आर्यन ,संजीव कुमार ,सुनील चौधरी ,अमरेन्द्र कुमार पुष्प ,मधुकांत कुमार ,दयानंद गुप्ता ,आचार्य गोपाल ,अनमोल कुमारी ,अनिल कुमार ,देवेंद्र विश्वकर्मा ,शैलेन्द्र कुमार प्रसून समेत दर्जनभर से अधिक कवियों ने जब ओजपूर्ण स्वर में वीरों की गाथाएं सुनाई, तो पूरा सभागार 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। श्रृंगार रस की कविताओं ने प्रेम और सौंदर्य की छटा बिखेरी, वहीं वात्सल्य रस की रचनाओं ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर दिया। कवियों ने तीखे कटाक्ष और हास्य-व्यंग्य के जरिए सामाजिक कुरीतियों और समसामयिक विषयों पर भी प्रहार किया, जिससे श्रोता हंसने पर मजबूर हो गए।

हिसुआ विधायक अनिल सिंह ,प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद प्रसाद , अंचलाधिकारी डॉ॰ सुमन सौरभ ,कार्यपालक पदाधिकारी अतीश रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उन शहीदों को याद करने का दिन है जिनकी बदौलत हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। साहित्य और कविताएं समाज का आईना होती हैं और ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी में राष्ट्रवाद की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम में स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में युवा उपस्थित थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस सांस्कृतिक पहल की जमकर सराहना की और कहा कि प्रखंड स्तर पर ऐसे उच्च स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन गर्व की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती पूजा में हर्ष फायरिंग, फिर की शराब की दुलाई, वीडियो के आधार पर जांच में जुटी पुलिस



**नालंदा।** नालंदा में सरस्वती पूजा के दौरान हर्ष फायरिंग और अवैध शराब ढुलाई का वीडियो सामने आया है। 23 जनवरी को फायरिंग करने वाला युवक गोलू है। जो टुनटुन उर्फ जितेंद्र सिंह का बेटा है। वहीं, 25 जनवरी को शराब ढुलाई का भी मामला है। वीडियो में उसी युवक को देखा जा रहा है, जिसने हर्ष फायरिंग की थी। पहले वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सरस्वती पूजा पंडाल के पीछे कट्टा लिए एक युवक खड़ा है। आसपास कुछ अन्य युवक भी नशे की हालत में मौजूद हैं, जो गोलू को फायरिंग करने के लिए उकसाते नजर आ रहे हैं। आपस में गाली गलौज भी कर रहे हैं। वीडियो में युवक को कट्टा ऊपर करके हवा में फायरिंग करने के लिए कहते हुए सुना जा रहे हैं। इसके बाद गोलू हवाई फायरिंग करता है। मामला नालंदा थाना क्षेत्र के पचवाड़ा गांव का है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**कानूनी कार्रवाई की जाएगी:** एक कार से शराब के कार्टन उतारे जा रहे हैं। वीडियो में फायरिंग करने वाला गोलू अपने हाथों में कार्टन लिए हुए हैं। नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वायरल वीडियो हमें प्राप्त हुआ है और इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। मामला पूरी तरह स्पष्ट होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने स्वीकार किया कि वीडियो में कुछ युवक इकट्ठा होकर हर्ष फायरिंग करते हुए दिख रहे हैं, जो कानून का उल्लंघन है।

### मोबाइल ऑन करते ही पकड़ाया लूटेरा, डेढ़ साल पहले वारदात को दिया था अंजाम



**नालंदा।** नालंदा की पावापुरी पुलिस ने डेढ़ साल पुराने लूट कांड मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरियक थाना क्षेत्र के नीचली बाजार में छापेमारी कर एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में इस्तेमाल की गई लाल-काले रंग की बाइक (बीआर-21आर-3033) भी बरामद कर ली गई है। डीएसपी राजगीर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटना 23 जुलाई 2024 की है। लहेरी थाना क्षेत्र के मथुरिया मोहल्ला निवासी अविनाश कुमार अपनी बाइक से एनएच-20 के रास्ते जा रहे थे। तभी पावापुरी ओवरब्रिज के पास अभिलाषा होटल के पास दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका और मारपीट कर मोबाइल व पैसे लूट लिए थे।

**तकनीकी जांच से मिली सफलता:** पावापुरी थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने बताया कि लूटे गए मोबाइल को सर्विलांस पर रखा गया था। 27 जनवरी 2026 को मोबाइल की लोकेशन ट्रेस हुई। इसके आधार पर एक टीम गठित कर गिरियक में छापेमारी की गई और अनीश कुमार को उसके घर से दबोच लिया गया। घटना में शामिल तीन अन्य बदमाश विजय यादव, अखिलेश कुमार का सत्यापन कर लिया गया है। जिसमें यह पता चला कि गिरियक थाना से आर्म्स एक्ट के केस में न्यायिक हिरासत में है। जबकि अन्य एक अज्ञात व्यक्ति के नाम पता का सत्यापन किया जा रहा है। छापेमारी टीम में पावापुरी थाना अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह,अंजनी कुमार राय, राहुल कुमार और गिरियक थाना की पुलिस टीम शामिल रही।

#### नालंदा में आज ओपन दिव्यांग खेल प्रतियोगिता

### एथलेटिक्स, दृष्टिबाधित क्रिकेट और फुटबॉल के ओपन ट्रायल होंगे, दिव्यांगों को समान अवसर देना उद्देश्य



**नालंदा।** नालंदा के हरनौत प्रखंड में आज दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध होगा। प्रखंड स्तरीय फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय ओपन दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में जिले भर से दर्जनों प्रतिभावान बालक और बालिकाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल पदाधिकारी शालिनी प्रकाश ने इस आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में मुख्य रूप से तीन खेल विधाओं - एथलेटिक्स, दृष्टिबाधित क्रिकेट और फुटबॉल के ओपन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

**सभी वर्गों के दिव्यांगों के लिए समान अवसर:** इस प्रतियोगिता की विशेषता यह है कि विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त खिलाड़ियों को समान रूप से भागीदारी का अवसर दिया जा रहा है। दृष्टिबाधित, शारीरिक रूप से अक्षम, मूक-बधिर और बौद्धिक अक्षमता वाले खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। यह समावेशी दृष्टिकोण खेल जगत में समानता और समान अवसर की दिशा में एक सराहनीय पहल है। खेल अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि एथलेटिक्स स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों की अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष निर्धारित की गई है, जिससे युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का उचित मौका मिल सके।

**प्रदर्शन के आधार पर होगा चयन:** प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जाएगा और योग्य खिलाड़ियों का चयन उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होगी, जिससे वास्तविक प्रतिभाएं सामने आ सकें।

# गया में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, जंगल से हथियार और विस्फोटक की भारी खेप बरामद

**निज संवाददाता। इमामगंज, गयाजी।**

गया जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा थाना क्षेत्र के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में घने जंगलों से सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए हथियार, विस्फोटक और गोला-बारूद की भारी खेप बरामद कर उनकी विध्वंसक साजिश को नाकाम कर दिया। नक्सली सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेशर IED सहित कई घातक सामग्रियां जंगल में छुपाकर रखे हुए थे, लेकिन सुरक्षा बलों की सक्रियता के कारण समय रहते बड़ा हमला टल गया।

यह कार्रवाई गया एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में तथा इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ व जिला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए विशेष सर्च ऑपरेशन के तहत की गई। गुप्त सूचना के आधार पर छकरबंधा थाना क्षेत्र के गोबरदाहा एवं भुसिया इलाके के घने जंगलों में अभियान चलाया गया, जहां से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार और कारतूस बरामद किए गए। बरामद सामग्री में डेटोनेटर, प्रेशर IED, कॉर्डेक्स तार, विभिन्न बौर के कारतूस, खोखे, AK-47 और इंसास राइफल में प्रयुक्त होने वाले गोला-बारूद शामिल हैं। इसी अभियान के दौरान लुटुआ थाना क्षेत्र के सोनदाहा/भुसिया इलाके से राइफल और देसी कट्टा सहित अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद किया गया। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि नक्सली दस्ता किसी बड़े हमले की फिराक में था और सुरक्षा बलों को टारगेट करने के उद्देश्य से इस इलाके में विस्फोटक जमा किए गए थे।





छकरबंधा थाना क्षेत्र से लगभग 3.5 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित इस जंगल क्षेत्र को नक्सलियों की गतिविधियों हेतु महत्वपूर्ण माना जाता है। सीआरपीएफ की एफ-47 बटालियन, नागोंबार सीआरपीएफ 215वीं बटालियन तथा जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके को घेरकर अभियान चलाया, जिसके बाद यह सफलता हाथ लगी। बरामदगी के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने सघन सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है, ताकि किसी अन्य छिपे जखीरे को भी पकड़ा जा सके।

इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार ने इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया और भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किए गए हैं। नक्सलियों की योजना को समय रहते विफल कर दिया गया है और क्षेत्र में अभी भी सर्च अभियान जारी है। इस हवाले से इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है तथा ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। पूरे घटनाक्रम के बाद डुमरिया व आसपास के क्षेत्रों में हलचल बढ़ गई है। नक्सलियों द्वारा विस्फोटकों की ऐसी बड़ी खेप बरामद होने से सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अभियान और अधिक तेज किया जाएगा।

## इमामगंज में नाई एकता संगठन का विधानसभा स्तरीय चुनाव संपन्न

### संगठन को मजबूत करने का लिया गया संकल्प




**निज संवाददाता। इमामगंज**

प्रखंड अंतर्गत अर्नब बसु होटल में बुधवार को नाई एकता इमामगंज विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर योगेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद पर उपेंद्र शर्मा, महामंत्री पद पर सत्येंद्र कुमार शर्मा, सचिव पद पर विनोद कुमार शर्मा का चयन किया गया। वहीं संगठन के संरक्षक के रूप में राजकुमार ठाकुर एवं बृजेश ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी पद पर आकाश कुमार शर्मा को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में नाई समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं चुनाव के बाद उपस्थित लोगों ने नवगठित कमेटी को बधाई दी और समाज के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर नवनिर्वाचित महामंत्री सत्येंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि नाई एकता संगठन का उद्देश्य समाज को संगठित कर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाना है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और सशक्त किया जाएगा। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन की ओर से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम एवं बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# अपने हक और अधिकार के लिये शिक्षा जरूरी –शंभू शरण शर्मा

### नंदवंशी चेतना मंच ने वजीरगंज ने धूमधाम से मनाया जननायक कर्पूरी ठाकुर 102वीं जयंती

**निज संवाददाता। वजीरगंज, गयाजी**

नंदवंशी चेतना मंच वजीरगंज के बैनर तले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102 वीं जयंती मंगलवार को स्थानीय गौरी मेमोरियल आईटीआई कॉलेज के प्रांगण में पूर्व मुखिया शंभू शरण शर्मा की अध्यक्षता में धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

जयंती समारोह में उपस्थित नंदवंशी नाई समाज के लोगो ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया और इनके जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए इनके द्वारा बताए गये सत्मार्ग पर चलने का शपथ ली। समारोह में उपस्थित नंदवंशी समाज के लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया शंभू शरण शर्मा ने कहा कि आज़ आजादी के सात दशक बाद भी हमारा समाज आबादी के अधिकांश परिवार निम्न स्तर की जिंदगी जीने को विवश है ,जिसका मुख्य कारण है शिक्षा की कमी। आज़ पूरे बिहार में नंदवंशी नाई समाज की जनसंख्या 25 लाख से भी अधिक है लेकिन इतनी आबादी के बाद भी राजनीतिक क्षेत्र में हमारी भागीदारी शून्य है ,जबकि अन्य जाति के कम आबादी के बावजूद सत्ता में कायम है। उन्होंने कहा कि अपने हक और अधिकार के लिये शिक्षा को हथियार बनाए और सरकारी सेवा और सत्ता हासिल करें तभी हमारे नाई समाज का उत्थान हो सकेगा।




जयंती समारोह के दौरान क्षेत्रीय लोक गायक मिथलेश शर्मा ,अमरेश शर्मा योगेन्द्र शर्मा एवं उनकी संगीत मंडली के द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की जीवनी व सामाजिक कुरीति के गीत-संगीत की प्रस्तुति कर समाज के लोगो को जागरूक किया गया। इस मौके पर मंच के जिलाध्यक्ष पवन नंदवंशी ,डॉ॰ राजीव शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ,मिथलेश नंदवंशी ,प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ विद्या सागर ,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश नंदवंशी ,अर्चना कुमारी ,श्याम किशोर शर्मा ,डॉ॰ सुधांशु रंजन , दीपक कुमार जॉनी , प्रभात कुमार , अमरजीत नंदवंशी , रमण कुमार ,आंनद कुमार मंटू ,मृत्युंजय शर्मा ,शौरभ कुमार सत्री ,गौतन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में नंदवंशी समाज के महिला-पुरुष मौजूद थे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में नगर पंचायत के मौलानगर के नंदवंशी युवाओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जनसेवा ही मेरा धर्म है - रंजन कुमार सिन्हा

### ♦ नगमा पंचायत में जरूरतमंदों के बीच दो हजार से अधिक कंबल का वितरण

**निज संवाददाता। इमामगंज, गयाजी।**

प्रखंड क्षेत्र के नगमा पंचायत में कड़ाके की ठंड के बीच समाजसेवी रंजन कुमार सिन्हा द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। भीषण ठंड से जूझ रहे गरीब एवं असहाय परिवारों की सहायता कर उन्होंने मानवता की मिसाल पेश की। इस दौरान उन्होंने पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर घर-घर गरीब, बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों तक कंबल पहुंचाया। दो हजार से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण से ग्रामीणों के चेहरों पर राहत साफ झलक रही थी। कंबल पाकर कई बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने खुशी व्यक्त की तथा समाजसेवी रंजन कुमार सिन्हा की इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि वे हमेशा कठिन समय में पंचायतवासियों के साथ खड़े रहते हैं और बिना किसी भेदभाव के सहायता प्रदान करते हैं। कड़ाके की सर्दी में किया गया इस प्रकार का सहयोग गरीब वर्ग के लिए



किसी संबल से कम नहीं माना जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान रंजन कुमार सिन्हा ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा ही उनका धर्म और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नगमा पंचायत उनका परिवार है और परिवार के किसी सदस्य को कष्ट या अभाव में देखना उन्हें स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि जब तक जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान नहीं आती, तब तक उनका प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची जनसेवा है और नगमा पंचायत के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस पहल को सफल बनाने में सहयोग करते रहे। मौके पर अभिमन्यु सिंह, चंदन बाबा, शुभम पहलवान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नालंदा में युवक ने फंदे से लटक की आत्महत्या

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में एक युवक ने मंगलवार की रात आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मानपुर गांव निवासी कुलदीप चौधरी के बेटे (18) समीर कुमार के रूप में की गई। समीर कुमार के पिता कुलदीप चौधरी ने कहा कि समीर अपने भाई सचिन के साथ छत पर कमरे में सोया हुआ था।

तभी वह उठकर नीचे पानी पीने के लिए गया। काफी देर तक वापस नहीं आया। जब सचिन भाई को देखने के लिए नीचे उतरा तो एक कमरा अंदर से बंद मिला। वेंटिलेटर से झांक कर देखा तो समीर पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। मामला गिरियक थाना क्षेत्र के मानपुर गांव का है। शोर होने पर घर के अन्य सदस्य भी नींद से जाग गए और दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटके युवक को नीचे उतारा गया और इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया



गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। समीर 3 भाई और 3 बहन में सबसे बड़ा लड़का था। हालांकि समीर ने खुदकुशी क्यों की है इस मामले में परिजन खुलकर बोलने में परहेज कर रहे हैं। समीर इस बार ग्रेजुएशन के फर्स्ट ईयर का एग्जाम देने वाला था। गिरियक थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने बताया कि खुदकुशी की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है।

# रोजगार, पढ़ाई के लिए मिलेगा टूल, स्टडी किट, 30 तक युवा कर सकेंगे आवेदन

**निज संवाददाता। नालंदा**

### ♦ एक अभ्यर्थी को एक ही योजना का मिलेगा लाभ

नालंदा के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। राज्य सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक विशेष योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों को निशुल्क स्टडी किट और टूल किट उपलब्ध कराई जाएगी। जिला नियोजनालय, नालंदा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली किंतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देना है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026 की शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

**योजना का लाभ उठाने के लिए जरूरी शर्तें:** इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ आवश्यक शर्तें रखी गई हैं। सबसे पहली और महत्वपूर्ण शर्त यह है कि आवेदक का नालंदा जिला नियोजनालय में कम से कम छह महीने पूर्व से पंजीकरण होना अनिवार्य है। इसके अलावा, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह शर्त इसलिए रखी गई है ताकि वास्तव में जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को इस योजना का लाभ मिल सके।

**स्टडी किट योजना:** ये योजना उन छात्रों के लिए है जो देश और राज्य स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। UPSC, BPSC, SSC, रेलवे, बैंकिंग, बिहार पुलिस जैसी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को निशुल्क अध्ययन सामग्री और पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। इसके लिए आवेदक को कम से कम इंटरमीडिएट या स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष के बीच रखी गई है। एक महत्वपूर्ण शर्त यह भी है कि अभ्यर्थी को संबंधित प्रतियोगिता परीक्षा का फॉर्म भरे होने का प्रमाण देना होगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वास्तव में वह उस परीक्षा की तैयारी कर रहा है।



**टूल किट योजना:** ये योजना उन हुनरमंद युवाओं के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है जो अपना स्वयं का रोजगार शुरू करना चाहते हैं। इस योजना के तहत इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयर, प्लंबर, ब्यूटिशियन, सिलाई मशीन ऑपरेटर जैसे विभिन्न ट्रेड से जुड़े युवाओं को उनके काम से संबंधित औजार और मशीनें मुफ्त में दी जाएंगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान जैसे ITI, PMKVY, RSETI आदि से संबंधित ट्रेड में कम से कम तीन महीने के प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

**एक अभ्यर्थी को एक ही योजना का मिलेगा लाभ:** विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अभ्यर्थी को केवल एक ही किट का लाभ मिलेगा - या तो स्टडी किट या टूल किट। यदि कोई अभ्यर्थी पहले से इस योजना का लाभ ले चुका है, तो वह दोबारा पात्र नहीं होगा। चयन प्रक्रिया में सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए कुछ वर्गों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिलाओं और आरक्षित वर्गों (SC/ST/EBC/BC) के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिया जाएगा। यह कदम समाज के उन वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है जो अक्सर अवसरों से वंचित रह जाते हैं।

**योजना का लाभ उठाने के लिए कहां करें संपर्क:** इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी और आवेदन के लिए संयुक्त श्रम भवन, बिहारशरीफ ब्लॉक कैंपस, हॉस्पिटल मोड़ स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जा सकते हैं। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 06112-359276 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अंतिम तिथि का रखें ध्यान:** यह ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026 की शाम 5 बजे है। इसलिए पात्र अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय रहते अपने आवेदन जमा कर दें और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवरलोड एवं एक चालान पर कई बार बालू ढोआई मामले में वाहन जब्त

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नासरीगंज-बिक्रमगंज मुख्य सड़क पर एसडीएम प्रभात कुमार ने यातायात नियम के विरुद्ध चल रहे दो ट्रकों को पकड़ा। पकड़े गए दोनों ट्रकों को उन्होंने खनन विभाग को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर बालू लदे ट्रकों की जांच लगाई गई।इस दौरान क्षमता से अधिक बालू लदे एक ट्रक को जब्त किया गया। जबकि एक चालान पर एक से अधिक बार बालू परिवहन करने के अवैध कार्य में एक डंपर ट्रक को पकड़ा गया। पकड़े गए ट्रकों का नंबर BR24GD5658 और BR24GD0891है। जबकि अवैध परिवहन करने के अवैध कार्य में लगे एक ट्रक भागने में सफल रहा।

### सतर्कता से ही साइबर फ्रॉड से सुरक्षा संभव : विद्युत कार्यपालक अभियंता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** आम जनता के साथ इंटरनेट के माध्यम से हो रही साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विद्युत विभाग ने विद्युत उपभोक्ताओं को सतर्क करने के उद्देश्य से जागरूक रहने की अपील की है ताकि कोई भी उपभोक्ता साइबर ठगी का शिकार नहीं हो सके। उक्त जानकारी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. ब्रजीम ने दी। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के हित में जारी जागरूकता निर्देशों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत विभाग कभी भी फोन पर उपभोक्ताओं से ओटीपी, सीवीवी नंबर या किसी भी प्रकार की गोपनीय बैंक संबंधी जानकारी नहीं मांगता है साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को फोन पर किसी प्रकार का लिंक भी नहीं भेजा जाता है। उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि वे किसी भी अज्ञात या संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें और अनजान कॉल या मैसेज से सतर्क रहें। किसी भी परिस्थिति में ओटीपी या बैंक विवरण किसी के साथ साझा नहीं करें। बिजली बिल भुगतान को लेकर उन्होंने बताया कि उपभोक्ता केवल आधिकारिक पोर्टल या सुविधा ऐप के माध्यम से ही भुगतान करें। शहरी क्षेत्र के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप्प व ग्रामीण क्षेत्र को बिहार ऊर्जा स्मार्ट मीटर एप्प का उपयोग करने की सलाह दी गयी है, जिसके माध्यम से वे प्रतिदिन की बिजली खपत, मौजूदा बैलेंस और रिचार्ज संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी साइबर सेल में या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित, पारदर्शी और निर्बाध बिजली सेवा प्रदान करना है, जिसमें उपभोक्ताओं का सहयोग आवश्यक है।

### आइओसीएल परिसर में लेवल 2 मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन



**मोतिहारी।** अनुमंडल पदाधिकारी सदर निशांत सिहर एवं प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी हेमंत कुमार की उपस्थिति में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल)मोतिहारी एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, पी ओ एल टर्मिनल ने प्रमुख आपात स्थितियों से निपटने में प्लांट कर्मियों द्वारा की गई तैयारी का मूल्यांकन करने और उन्हें बढ़ाने के लिए लेबल 2 मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया।मॉक ड्रिल की सफलता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने इसकी प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल ने आइओसीएल मोतिहारी बॉटलिंग प्लांट की मजबूत तैयारी और प्लांट कर्मियों तथा जिला प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय को प्रदर्शित किया है। इस तरह की ड्रिल वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों के लिए हमारी व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अभ्यास के दौरान प्रदर्शित त्वरित प्रतिक्रिया और टीमवर्क सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी के लिए प्लांट की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।मॉक ड्रिल से सभी हितधारकों के लिए सीखने का एक बड़ा अनुभव प्रदान किया, जिससे सक्रिय सुरक्षा उपाय और समन्वित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों के महत्व को बल मिला।संयंत्र प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के अवसर पर टेबल टॉक आयोजित




**मोतिहारी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूर्वी चम्पारण और 9वी बटालियन एनडीआरफ के तत्वाधान में 28/01/2026 को राजेंद्र भवन सभागार में भूकंप से बचाव और विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए टेबल टॉक परिचर्चा का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण के निदेशानुसार इस परिचर्चा में आपदा प्रबंधन शाखा, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग,जल संसाधन विभाग, अग्निशमन विभाग, बाढ़ प्रमंडल, एनसीसी कैडेट्स,आपदा मित्र, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी सहित आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया,जिसमें जिला आपदा प्रबंधन योजना पर विस्तृत चर्चा की गई और एनडीआरफ ने विभिन्न आपदाओं बचाव हेतु जानकारी साझा की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, 9वी बटालियन एनडीआरफ कमांडेंट सौरभ कुमार और एनडीआरफ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में कल 29/01/2026 को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी में भूकंप सुरक्षा से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन एनडीआरफ द्वारा किया जाएगा।

# द डिवाइन पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज में वार्षिक खेल-कूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**♦ पहले दिन हुए कई प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित**

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज / रोहतास**




द डिवाइन पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज के प्रांगण में आयोजित 11 वें वार्षिक खेल-कूद महोत्सव का उद्घाटन बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ । मुख्य अतिथि ने गुब्बारे उड़ाकर खेल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया । इसके उपरांत टॉर्च रिले के माध्यम से खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई तथा सभी विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं सद्भाव बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली । अपने संबोधन में श्री शेखर ने कहा कि खेलों से बच्चों में आत्मविश्वास,अनुशासन एवं टीम भावना का विकास होता है । खेल प्रतियोगिताओं को देखकर उनका बचपन ताजा हो गया । उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है,जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शुभकामनाएं दीं । खेल महोत्सव के प्रथम दिन 50 मीटर,100 मीटर, 200 मीटर दौड़,रिले रेस,मिक्स रिले, टग ऑफ वॉर एवं स्किपिंग रोप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । स्किपिंग रोप प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे—सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान दानिश आलम (यमुना हाउस) IV डी,द्वितीय अंकुश कुमार (सरस्वती हाउस) IV ए तथा तृतीय सक्षम सिंह (नर्मदा हाउस) V ए ने प्राप्त किया । जूनियर बालक वर्ग में प्रथम प्रिंस कुमार (यमुना हाउस) VII डी,द्वितीय अंश राज (गंगा हाउस) VII सी तथा तृतीय अनुज मिश्रा (नर्मदा हाउस) VII डी रहे । सीनियर बालक वर्ग में प्रथम प्रेमदीप जौली (सरस्वती हाउस) VIII-F, द्वितीय प्रिंस कुमार (नर्मदा हाउस) IX-E तथा तृतीय अभय राज (गंगा हाउस) IX-I रहे ।सब जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम गुलाबसा खातून (सरस्वती हाउस) V-B, द्वितीय प्रज्ञा कुमारी (नर्मदा हाउस) V-B तथा तृतीय नेहा कुमारी (यमुना हाउस) IV-B रहीं । जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम अनन्या कुमारी (यमुना हाउस) VII-B, द्वितीय रौशनी कुमारी (गंगा हाउस) VII-E तथा तृतीय रौशनी राज (सरस्वती हाउस) VII-E रहीं । सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम उजेश्वानी (नर्मदा हाउस) VIII-E, द्वितीय राजनंदनी (सरस्वती हाउस) VIII-B तथा तृतीय सुहानी (यमुना हाउस) IX-B रहीं। प्रथम दिवस की मेडल तालिका में नर्मदा हाउस ने 11 स्वर्ण, 9 रजत एवं 7 कांस्य पदक प्राप्त कर अग्रणी स्थान प्राप्त किया । गंगा हाउस को 10 स्वर्ण, 13 रजत एवं 6 कांस्य, सरस्वती हाउस को 10 स्वर्ण, 13 रजत एवं 6 कांस्य तथा यमुना हाउस को 9 स्वर्ण, 5 रजत एवं 17 कांस्य पदक प्राप्त हुए ।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं, खेल प्रशिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे । खेल मैदान में अनुशासन एवं खेल भावना का सराहनीय प्रदर्शन देखने को मिला । विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन की कामना की ।

# मैकू राम के पदभार ग्रहण करते हीं तिलौथू हाई स्कूल मे लौटी रौनक

**सभी शिक्षकों की उपस्थिति में बीईओ ने दिलवाया प्रभार**

**निज संवाददाता। तिलौथू। रोहतास**



रोहतास जिले का चर्चित तिलौथू इंटर स्तरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक बार फिर से शिक्षा विभाग ने मैकू राम को बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक का पदभार दिलाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर बीईओ रजनीश कुमार की मौजूदगी में पदभार दिलाया गया। इसके बाद स्कूल में शिक्षकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। कई माह से तिलौथू हाई स्कूल में छाई बिरानगी समाप्त हो गई, और तिलौथू हाई स्कूल की रौनक लौटने लगी। शिक्षकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखते बनती थी। बताते चले की प्राचार्य पद को लेकर हाई स्कूल में मारपीट और हिंसा के बीच दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद मैकू राम को प्राचार्य पद से हटाते हुए करवासित करते हुए निलंबित कर दिया गया था। इसे लेकर दोनों पक्षों के ओर से राजनीति भी जमकर हुई। और एक राजनीतिक साजिश के तहत मनगढ़ंत आरोप और छूटभैया नेताओं के साजिश के कारण मैकु राम निलंबित हुए थे। जिसे लेकर मैकु राम ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, और न्यायालय ने मैकु राम को क्लीन चिट दी।

न्यायालय के निर्देश पर 27 जनवरी को डीईओ ने आदेश जारी कर उच्च न्यायालय में दायर परिवाद में पारित आदेश और निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में स्कूल स्कूल के प्रचार पद पर मैंकू राम को अविलंब प्राधिकृत करते हुए प्रभार सौंपने का निर्देश जारी किया गया। इधर पदभार संभालते ही मैकू राम के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रमुख एवं रालोम के जिला संयोजक कपिल कुमार ने इसका स्वागत किया है। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मैकू राम का उत्साह पूर्वक स्वागत किया। शिक्षकों व छात्रों ने कहा कि मैकू राम के नहीं रहने से विद्यालय में असामाजिक तत्वों का आगमन होता था, तथा विकास कार्य बाधित करने के लिए साजिश हुई थी। अब स्कूल में रौनक लौट आई है। एक बार फिर हाई स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब होगी।

# सांस्कृतिक उत्सव 'इंद्रधनुष 2025–26' का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज / रोहतास**




डीएवी पब्लिक स्कूल, आरा रोड, तेंदुनी चौक, बिक्रमगंज में सांस्कृतिक उत्सव 'इंद्रधनुष 2025–26' का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रभात कुमार, एसडीएम, बिक्रमगंज थे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का सौहार्दपूर्ण स्वागत एवं पुष्पाभिनंदन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का मङ्गलारम्भ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा डीएवी गान प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कुमारी प्रिया ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत एवं गणेश वंदना से हुई।

कार्यक्रम में कव्वाली, राज्य नृत्य 'विविध भारत', राम-सिया-राम नृत्य तथा मोबाइल जागरूकता नाटक और बुद्ध नाटक जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'लव यू ज़िंदगी' नृत्य को विशेष सराहना मिली। मुख्या अतिथि एस डी एम प्रभात कुमार के द्वार अपने सम्बोधन में अनुशासन और नशा मुक्ति के बारें में बच्चो और माता पिता को बताया और अनुशासन को जीवन को सफल बनाने का मूल मंत्र बताया

**♦ नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'लव यू ज़िंदगी' नृत्य को विशेष सराहना मिली**

बी डी ओ बिक्रमगंज सुनील कुमार गौतम,करागार अधीक्षक बिक्रमगंज तारिक अहमद, कारागार परिवीक्षा अधिकारी बिक्रमगंज अमित कुमार लाल के द्वारा मैडल और प्रमाणपत्र छात्रों को प्रदान किया गया |

कार्यक्रम का समापन ए आर ओ डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार जोन-फ श्री वी. के. पाठक के आशीर्वचन से हुआ। इसके पश्चात प्रमाण-पत्र एवं पदक वितरण किया गया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन सुश्री मिनाक्षी मिश्रा द्वारा किया गया। यह सांस्कृतिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कृति और मूल्यों का सुंदर प्रदर्शन रहा।

# सीएम द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**निज संवाददाता। सासाराम / रोहतास**

माननीय मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार द्वारा घोषित प्रगति यात्रा के आलोक में जिला रोहतास में संचालित, प्रस्तावित एवं प्रक्रियाधीन विकास योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा हेतु आज जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ निर्माण योजना की समीक्षा की गई, जिसकी अनुमानित लागत 66.89 करोड़ है। यह योजना पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। समीक्षा में जिला पदाधिकारी ने इस योजना को प्रगति यात्रा की दृष्टि से प्राथमिकता में रखते हुए वन विभाग को आवश्यक स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का निर्देश दिया।

बैठक में बताया गया कि डेहरी–तेतराढ़–राजपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है तथा समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादित किया जा रहा है। बताया गया कि आयरकोठा–अकोढ़ीगोला–अमरा तालाब पथ (भाग–A) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर है। अकोढ़ीगोला बाईपास पथ निर्माण योजना, जिसकी अनुमानित लागत 88.78 करोड़ है, पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि यह योजना भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत है तथा RFCTLARR Act, 2013 के तहत अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अधिग्रहण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।

बताया गया कि नोखा–नासरीगंज पथ के दूसरे किलोमीटर में बक्सर मुख्य कैनाल पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ निर्माण योजना कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और वर्तमान में प्रगति पर है। कोचस में नागरिक सुविधाओं के लिए नए बस स्टैंड निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि कुदरा–चेनारी–मल्हीपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वन विभाग से NOC लंबित रहने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिला पदाधिकारी द्वारा इसे नगर निकाय क्षेत्र से जल्द कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया।

पुरानी जीटी रोड के बेदा कैनाल से रेलवे लिंक पथ (भाग–1) के सुदृढ़ीकरण कार्य कार्य प्रगति पर है। बेदा–बभनपुरा कैनाल से एनएच–19 (भाग–2) पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। आयरकोठा–अमरातालाब टू-लेन पथ (भाग–B) का कार्य प्रगति पर है। कोचस में आरा–मोहनिया पथ पर बाईपास निर्माण का कार्य प्रगति पर है डेहरी–बिक्रमगंज–दिनारा पथ पर नाला निर्माण योजना का कार्य प्रगति पर है। बैठक में करगहर–बड़हरी–धर्मपुरा पथ के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य तथा बरांव–जहानाबाद पथ के उन्नयन कार्य की भी समीक्षा की गई। दोनों योजनाएं प्रगति पर पाई गईं।

बैठक में बताया गया कि पर्यटन विकास के अंतर्गत इंद्रपुरी जलाशय के समीप पर्यटन हाट निर्माण योजना प्रगति पर है। संझौली प्रखंड अंतर्गत वाजितपुर में कांव नदी पर पुल निर्माण प्रगति पर है।

औद्योगिक विकास के अंतर्गत डेहरी औद्योगिक क्षेत्र के विकास योजना, जिसकी लागत 6.50 करोड़ है, पर चर्चा की गई। बताया गया कि सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) से संबंधित विशेषज्ञ समिति की बैठक हो चुकी है तथा अंतिम स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन, काराकाट एवं तिलौथू सहित आवासीय परिसरों के निर्माण योजना की समीक्षा की गई। इस योजना के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है तथा मोबिलाइजेशन कार्य प्रगति पर है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रगति यात्रा राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है और जिले की सभी योजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, एसडीपीओ ने की प्रेसवार्ता



**निज संवाददाता। बिक्रमगंज/रोहतास**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता की । उक्त दौरान श्री सिंह ने कहा कि दिनांक 14.01.2026 को वादी गुलाब कमल मौआर पिता स्व० सुरेंद्र मौआर बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खैराभूधर के लिखित आवेदन के आधार पर उनके पावर ट्रैक कम्पनी का ट्रैक्टर निबंधन संख्या- BR 24GC 3834 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए जाने के आरोप में उपरोक्त कांड दर्ज कराया गया । उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर चोरी की घटना को देखते हुए कांड में मेरे निर्देशन में एक टीम गठन किया गया ।

गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला दौसा थाना सदर राजस्थान पुलिस के सहयोग से कांड में चोरी गयी ट्रैक्टर के साथ अप्राथमिकी अभियुक्त शिवशंकर राजभर पिता मुन्ना राजभर ग्राम बरौरा पोस्ट सलामतपुर थाना कासीमाबाद जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि पुलिस ने पॉवर ट्रैक कम्पनी का ट्रैक्टर निबंधन संख्या- BR 24GC 3834 एवं एक एंड्रॉयड मोबाईल भी बरामद की है ।

# भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के अवसर पर टेबल टॉक आयोजित

**निज संवाददाता। मोतिहारी**




जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूर्वी चम्पारण और 9वी बटालियन एनडीआरफ के तत्वाधान में 28/01/2026 को राजेंद्र भवन सभागार में भूकंप से बचाव और विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए टेबल टॉक परिचर्चा का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण के निदेशानुसार इस परिचर्चा में आपदा प्रबंधन शाखा, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग,जल संसाधन विभाग, अग्निशमन विभाग, बाढ़ प्रमंडल, एनसीसी कैडेट्स,आपदा मित्र, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी सहित आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया,जिसमें जिला आपदा प्रबंधन योजना पर विस्तृत चर्चा की गई और एनडीआरफ ने विभिन्न आपदाओं बचाव हेतु जानकारी साझा की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, 9वी बटालियन एनडीआरफ कमांडेंट सौरभ कुमार और एनडीआरफ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में कल 29/01/2026 को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी में भूकंप सुरक्षा से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन एनडीआरफ द्वारा किया जाएगा।

# एक दिवसीय पोषण ट्रैकर नामनी मॉड्यूल का प्रशिक्षण

**निज संवाददाता। घोड़ासहन**



प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को आईसीडीएस विभाग द्वारा प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक दिवसीय पोषण ट्रैकर 'नामनी मॉड्यूल' का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री लाभुकों को समय पर टीएचआर (टेक होम राशन) उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित प्रखंड समन्वयक सुजीत कुमार ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर में नामनी जोड़ने की आसान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही तरीके से नामनी जोड़ने से गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलने वाले टीएचआर में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी और लाभुकों को समय पर पोषण सहायता मिल सकेगी।

इसी क्रम में मौके पर उपस्थित विभागीय समन्वयक नीरज कुमार द्वारा (एमडीए) फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने फाइलेरिया रोकथाम, दवा सेवन की प्रक्रिया और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। सीडीपीओ सदानंद दास ने कहा कि इस प्रशिक्षण के उपरांत आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर में डाटा एंट्री तथा टीएचआर वितरण के दौरान आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी। इससे लाभुकों को सुचारू रूप से पोषण सामग्री प्राप्त हो सकेगी और योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचेगा।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिला पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी, स्वेता कुमारी, कार्यालय सहायक सुरेश प्रसाद, कार्यपालक सहायक अर्चना कुमारी सहित सेविका सुमित्रा देवी, प्रतिमा कुमारी, मंजूबाला सिंह, अनीता सिन्हा, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, मंजू देवी, संगीता कुमारी समेत सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को लेकर सेविकाओं में खासा उत्साह देखा गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## सड़क किनारे युवक का शव मिला

**बांका।** बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र में डुमरामा और रघुनाथपुर गांव के बीच एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान डटबाटी गांव निवासी दिलीप यादव के 20 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार के रूप में की गई है। युवक का शव सड़क किनारे मिलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बुधवार को मृतक के बड़े भाई गुलशन कुमार ने बताया कि पीयूष पिछले कई वर्षों से ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। रोज की तरह वह ट्रैक्टर चलाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि डुमरामा और रघुनाथपुर गांव के बीच सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

**परिजन शव को घर ले गए:** सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान पीयूष कुमार के रूप में की। इसके बाद परिजन शव को घटनास्थल से उठाकर अपने घर ले आए। शव घर पहुंचते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

**ट्रैक्टर पलटने से मौत की आशंका:** ग्रामीणों के अनुसार आशंका जताई जा रही है कि रात के समय ट्रैक्टर पलटने से पीयूष उसके नीचे दब गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, जिस स्थान पर शव मिला वहां ट्रैक्टर मौजूद नहीं था, जिससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं और चर्चाएं क्षेत्र में फैल गई हैं। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। इस संबंध में अमरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से थाना को किसी प्रकार की सूचना या लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## कर्ज से इनकार पर छोटे भाई की पिटाई

**भागलपुर।** भागलपुर में पारिवारिक विवाद का एक मामला सामने आया है, जहां कर्ज देने से इनकार करने पर बड़े भाई और उसके परिवार ने मिलकर छोटे भाई की पिटाई कर दी। हमले में छोटे भाई का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पुलिस की मदद से इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मायागंज) में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घटना जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरापुर हटिया की है। घायल व्यक्ति की पहचान दीपक साह के रूप में हुई है।

**घायल बोला- पहले 10 हजार रुपए कर्ज लिए थे, नहीं लौटाए:** मायागंज अस्पताल में भर्ती दीपक साह ने बताया कि कुछ समय पहले उनके बड़े भाई ने उनसे 10 हजार रुपए कर्ज लिए थे, जिसे वापस करने में काफी देर कर दी गई थी। इसके बाद बड़े भाई ने दोबारा उनसे कर्ज की मांग की। जब दीपक साह ने पैसे देने से इनकार किया, तो पहले दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद बड़े भाई ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों को बुला लिया। सभी ने मिलकर दीपक साह पर लाठी-डंडे और खंती से हमला कर दिया। इस दौरान दीपक साह के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

**घायल बोला- स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद FIR दर्ज कराऊंगा:** सूचना मिलते ही नाथनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दीपक साह को तत्काल इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। दीपक साह ने बताया कि स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने के बाद वह थाने में जाकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## विधायक का हाथ पकड़ रोने लगें पिता

**भागलपुर।** भागलपुर में 2 नाबालिग छात्राएं 20 दिन से लापता है। अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगे हैं। परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। ऐसे में भागलपुर के विधायक रोहित पांडे पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पहुंचे। परिजन ने उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद विधायक ने भरोसा दिलाया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। विधायक ने कहा कि पटना जाकर बड़े नेताओं से भी बात करेंगे, ताकि जल्द बरामदगी हो। इस दौरान पीड़ित पिता विधायक का हाथ पकड़कर रोने लगे।

**पुलिस काम कर रही है, लापरवाही पर कार्रवाई होगी:** विधायक रोहित पांडे ने वरीय पुलिस अधीक्षक से भी मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस की विशेष टीम जांच में जुटी हुई है और दोनों नाबालिग छात्राओं को जिले के बाहर भी तलाशा जा रहा है। विधायक ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन यदि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लापता छात्रा सोनाक्षी के पिता ने कहा कि घटना के 20दिन बाद आज विधायक घर आए हैं। परिवार को सिर्फ अपनी बच्ची के सकुशल लौटने का इंतजार है। हर दिन बिताना किसी परीक्षा से कम नहीं है। इतने लंबे समय बाद भी बच्चियों का कोई पता न चल पाना गंभीर चिंता का विषय है। फिलहाल, दो नाबालिग छात्राओं का मामला रहस्य है।

## ई-रिक्शा चालक का मिला शव

**मुंगेर।** मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र स्थित छोटी मिर्जापुर मैदान में मंगलवार सुबह एक 30 वर्षीय ई-रिक्शा चालक गंभीर अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विदवारा निवासी स्वर्गीय जोगिंदर मंडल के पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटनास्थल पर खून बिखरा हुआ था, जिससे परिजनों ने धर्मेंद्र की हत्या की आशंका जताई है। मौके से प्लास्टिक के ग्लास और पानी की बोतल भी मिली है, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि घटना से पहले वहां शराब पार्टी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि धर्मेंद्र अंतिम बार एक डीलर के बेटे के साथ देखा गया था।

**FSL ने घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य:** सूचना मिलने पर कासिम बाजार थाना पुलिस और सदर डीएसपी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल से खून के नमूने, मिट्टी, प्लास्टिक ग्लास और पानी की बोतल सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है और मामले की आगे की जांच में जुटी है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

**खाना खाकर दोस्त के साथ गया था बाहर:** मृतक की मां दाना देवी ने बताया कि सोमवार की शाम करीब पांच बजे धर्मेंद्र घर पर भोजन करने के बाद ई-रिक्शा लेकर दोस्त बीचागांव निवासी डीलर नंद किशोर यादव का पुत्र नितिन उर्फ छोटू के साथ निकला था। इसके बाद देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू की। इस बीच नितिन के घर पर जाकर खोजबीन किया गया मगर उसके बारे कोई जानकारी नहीं दी गई।

**मृतक के बड़े भाई की हुई थी हत्या:** मृतक के मां ने बताया कि धर्मेंद्र तीन भई था, जिसमें 15 वर्ष पूर्व उसके बड़े भाई सतीश कुमार की हत्या कर दी थी। जबकि छोटा भाई शशि विक्षिप्त है। पिता और बड़ा भाई की मौत हो जाने के बाद धर्मेंद्र ही अपने घर की जिम्मेदारी को उठाया हुआ था। वहीं उसके मौत हो जाने के बाद वृध मां दाना देवी, पत्नी वर्षा कुमारी को अब बच्चों के साथ घर की चिंता सताने लगी। परिजनों ने कहा कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण मृतक के श्राद्ध कर्म के लिए भी परिजनों को चिंता सता रही है। परिजन ने जिला प्रशासन और सरकार से आश्रितों को सहायतार्थ राशि देने की मांग की। मृतक अपने पिछे 10 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार, 7 वर्षीय पुत्री पल्लवी कुमारी, और पांच वर्षीय स्वीटि कुमारी को छोड़ गए। घटना के बाद पत्नी और मां सदमा में है।

**CCTV देख रही पुलिस:** कासिम बाजार थानाध्यक्ष रूबिकांत कच्छ्प ने बताया कि घटना को लेकर जांच चल रही है। सीसीटीवी फुजेट भी देखा जा रहा है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल हत्या समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# समीक्षा भवन में सवर्ण आयोग की बैठक में हंगामा

निज संवाददाता। भागलपुर




♦ मीटिंग में शामिल लोगों ने जताया विरोध, कहा- यूजीसी पर चर्चा होनी चाहिए थी

भागलपुर के समीक्षा भवन में आज उच्च जातियों के विकास के लिए राज्य आयोग, पटना की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुई। प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में हंगामा हुआ है। यहां राजनीतिक दलों से जुड़े सवर्ण समाज के लोगों ने यूजीसी कानून को लेकर चर्चा नहीं होने पर नाराजगी जताई। विरोध के बीच कई लोग बीच बैठक से ही उठकर बाहर निकल गए और आयोग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के उच्च जातियों के विकास के लिए राज्य आयोग के सदस्य राजकुमार सिंह कर रहे थे। मीटिंग में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही जिले और प्रमंडल स्तर के सवर्ण समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में मुखिया मुन्ना सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें यूजीसी कानून पर चर्चा के लिए बुलाया गया था, लेकिन एजेंडे में इस विषय को शामिल नहीं किया गया। इससे नाराज लोगों ने बैठक में ही आपत्ति दर्ज कराई और विरोध स्वरूप बैठक का बहिष्कार करते हुए बाहर निकल आए।

**यूजीसी कानून सवर्ण समाज के लिए नुकसानदेह:** बैठक से बाहर निकलने के बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यूजीसी कानून सवर्ण समाज के लिए नुकसानदेह है और ये एक "काला कानून" है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग जमीनी मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा नहीं कर रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की। आयोग के सदस्य राजकुमार सिंह ने कहा कि राज्य भर में लगातार समीक्षात्मक बैठकें आयोजित की जा रही हैं और भागलपुर में यह आठवीं बैठक है। उन्होंने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य सवर्ण समाज के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास से जुड़े मुद्दों पर सुझाव एकत्र करना है। बैठक में जो भी सुझाव और विचार सामने आए हैं, उन्हें संकलित कर राज्य सरकार तक भेजा जाएगा।

## विधायक ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, जनता से किया संवाद



निज संवाददाता। अररिया

फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास ने बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।विधायक ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मौजूद जनता के साथ संवाद स्थापित किया।उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना और कार्यालय में होने वाले परेशानियों को भी समझ,जिसके बाद विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार और अंचलाधिकारी पंकज कुमार के साथ बैठक कर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण का निर्देश दिया। उन्होंने जमीन संबंधित लंबित आवेदनों के बारे में जानकारी ली और दाखिल खारिज सहित मोटेशन के कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर करने के निर्देश दिए। मौके पर विधायक मनोज विश्वास ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र समाप्ति के बाद वह जनता दरबार लगाकर स्वयं जनता की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में जमीन से जुड़े हजारों मामले लंबित हैं,जिनको लेकर सीओ समेत कर्मचारियों को निर्देशित किया है। इस मौके पर विधायक मनोज विश्वास सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

निज संवाददाता। बेगूसराय



बेगूसराय सिविल कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही प्रशासन एक्टिव हो गई और कोर्ट कैंपस को खाली करवा दिया गया है। कोर्ट के सभी तीनों गेट बंद कर दिए गए हैं, किसी के भी अंदर प्रवेश करने और बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई है। सूचना मिलते ही मुख्यालय डीएसपी निखिल कुमार एवं सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में बम एक्सपर्ट और पुलिस की टीम चप्पे-चप्पे पर जांच कर रही है। न्यायालय के गेट के पास से भी सभी लोगों को हटा दिया गया है। कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलते ही अफरातफरी का माहौल है। कोर्ट के मीडिया इंचार्ज अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत के मेल पर हिंदी में एक मेल आया है। जिसमें लिखा गया है कि आपके कोर्ट में जल्द ही दो सुसाइड बम धमाके और तीन जहर बम धमाके होंगे। जजों को 1.45 बजे तक बाहर निकलने का निर्देश दिया गया है। संज्ञान लेते हुए एसपी और डीएम को इसकी जानकारी दी गई है। पुलिस पदाधिकारी सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रहे हैं। आगे जो भी निर्देश दिया जाएगा, वह जिला जज लेंगे। मेल आज सुबह 5:34 बजे भेजा गया था। इसमें नीचे के लाइन में लिखा गया है पाकिस्तान-करुणानिधि की साजिश जिंदाबाद।

**फेक आईडी लग रहा:** कहा कि मेल आईडी देखने से फेक लग रहा है। यह साउथ इंडिया के जीवाबंगले एट द रेट outlook से आया है जो की फेक आईडी लग रहा है। फिलहाल बम जांच एवं निरोधक दस्ता तथा डॉग स्क्वॉड सहित पुलिस प्रशासन की टीम जांच कर रही है। मुख्यालय डीएसपी निखिल कुमार ने बताया कि जिला जज को मेल आया था कि कोर्ट में बम है। एहतियात के तौर पर कोर्ट से सभी बाहरी व्यक्ति को बाहर निकाल दिया गया है। जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है कोर्ट के स्टाफ कैंपस में ही है। पैनिक माहौल नहीं है, अभी वेरीफाई कर रहे हैं। मेल की जांच की जा रही है।

**अधिवक्ताओं को सुरक्षित जगह रहने के आदेश मिले:** वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल कुमार ने बताया कि हम लोग 10:30 बजे कोर्ट पहुंचे तो जिला जज के द्वारा जानकारी दी गई कि ई-मेल पर अज्ञात लोगों ने धमकी दी है कि 1:45 में व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाया जाएगा। इसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। सभी न्यायाधीश, कर्मी और अधिवक्ता को सुरक्षित रहने का आदेश दिया गया है।

## बाल विवाह जागरूकता रथ रवाना

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह रथ शहर और ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर आम लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करेगा। इसका मकसद बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को खत्म करना है। रथ को चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय से जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायक निदेशक बेबी रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को बाल विवाह से जुड़े कानूनों, इसके सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। रथ पर लगाए गए बैनर, पोस्टर और ध्वनि संदेशों के जरिए यह बताया जा रहा है कि बाल विवाह न केवल अपराध है, बल्कि इससे बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। साथ ही, बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान होने की जानकारी भी लोगों को दी जा रही है।

**बाल विवाह के विरोध में हस्ताक्षर अभियान भी चला:** अभियान के दौरान बाल विवाह के विरोध में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। लोग हस्ताक्षर कर यह संकल्प ले रहे हैं कि वे न तो बाल विवाह करेंगे और न ही अपने आसपास होने देंगे। इस पहल का उद्देश्य समाज में जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक आवाज को बुलंद करना है। जिला प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें। यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत संबंधित विभाग, स्थानीय प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी दें। प्रशासन का कहना है कि समाज की सहभागिता से ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त किया जा सकता है और बच्चों को सुरक्षित व उज्ज्वल भविष्य दिया जा सकता है।

## धरना प्रदर्शन के दौरान दुर्व्यवहार मामले में ईओ विधि सम्मत कार्रवाई के लिए अधिकृत

निज संवाददाता। अररिया



फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय के सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक बुधवार को मुख्य पार्षद वीणा देवी की अध्यक्षता में हुई,जिसमें उप मुख्य पार्षद नूतन भारती समेत पार्षदगण और कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल मौजूद रहे। सामान्य बोर्ड की बैठक में मुख्य रूप से 24 जनवरी को संदीप गोलछा के सड़क हादसे में घायल होने के बाद रामबरन लेन वार्ड संख्या 5 निवासी आदर्श गोयल के द्वारा आहूत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और कर्मचारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार का मुद्दा छाया रहा।वार्ड संख्या छह के पार्षद उमाशंकर यादव उर्फ बुलबुल यादव ने घटना की जानकारी देते हुए प्रस्ताव रखा।जिस पर मौजूद बोर्ड के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से कार्यपालक पदाधिकारी को नियमानुकूल विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया। बोर्ड ने संदीप गोलछा के दुर्घटना पर चिंता जाहिर की। वही दुर्घटना के समय श्री गोलछा की मोटर बाइक की सीसीटीवी वीडियो फुटेज के अनुसार संकरी गली में 70 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार होने को जांच का विषय करार दिया गया। बोर्ड की बैठक में बताया गया कि आदर्श गोयल द्वारा आहूत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन वाले स्थल पर पूर्व पार्षद मूलचंद गोलछा द्वारा सभा को नगरपालिका के खिलाफ घटनास्थल पर उपस्थित जनता को अनर्गल भड़काया गया। उनके द्वारा जनता को उद्वेलित करते हुए नगरपालिका पदाधिकारी को दौड़ा-दौड़ाकर करने की अपील की गई। जबकि तथ्य यह है की योजना का क्रियान्वयन एजेंसी नगरपालिका नहीं है और न नगरपालिका के द्वारा कार्य कराया गया है।बोर्ड को जानकारी दी गई कि कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा संगम रखा गया एवं किसी भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने दिया गया,जिसके लिए सभी पार्षदों ने अधिकारी के धैर्य और संयम की सराहना की। बैठक में सीडब्लूजेसी 16933/2025 मामले पर भी विचार किया गया और सीडब्लूजेसी 16933/2025 की जगह सीडब्लूजेसी 3699/2025 टंकण भूल पर कार्यपालक पदाधिकारी ने सदन को बताया कि मामले में संबंधित कर्मी को पुनरावृत्ति फिर से न होने की सख्त हिदायत दी गई।

## एक्सपो में हरियाणा से आया 'विधायक' नाम का भैंसा

निज संवाददाता। बेगूसराय



बेगूसराय के बीहट के पास स्थित हर्ल खाद कारखाना ग्राउंड में आज से तीन दिवसीय बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो का शुभारंभ हो गया है। इसका मकसद है कि बिहार के पशुपालकों को नए नस्ल और नई तकनीक से रुबरु कराया जाए। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के पशुपालन मंत्री सुरेंद्र मेहता और विधान पार्षद सर्वेश कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के पहले ही दिन पूरे जिले के साथ-साथ राज्य के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में पशुपालक और किसान पहुंचे। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य पशुपालन के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना और पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। बिहार में मवेशियों की यह अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी मानी जा रही है, जहां उन्नत नस्ल के गाय और हरियाणा से आया भैंसा (विधायक) आकर्षण का केंद्र हैं।

**बीमारियों से बचाव की जानकारी दी:** कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पालन-पोषण और बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। इसमें डेयरी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां अपने आधुनिक यंत्रों और फीड प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन कर रही हैं। कृषिका की ओर से 30 जनवरी तक आयोजित एक्सपो में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, कॉम्फेड और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना सहयोग कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि बिहार में बेगूसराय का दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान है। इस कार्यक्रम का यहां आयोजन होने का एक मुख्य कारण यही है। यहां डेयरी है, जिसके माध्यम से पशुपालक किसानों को इस क्षेत्र में नई संभावनाओं की एक जीती-जागती तस्वीर दिखाई देती है।

## भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा, पॉलिटेक्निक कॉलेज और स्कूल में मॉक ड्रिल

निज संवाददाता। बांका



बांका जिले के रजौन प्रखंड में 15 से 28 जनवरी तक चल रहे भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोतवाली और शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल रजौन में प्रशिक्षण सह मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला सहायक आपदा पदाधिकारी साक्षी कुमारी ने किया। इस अभ्यास में आपदा मित्र, अग्निशमन विभाग, मेडिकल टीम और एनजीओ शिवमणि वेलफेयर एजुकेशनल सोसाइटी की संयुक्त टीम ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान टीम ने भूकंप के समय और उसके बाद राहत एवं बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी।

**झुको, ढको और पकड़ो का अभ्यास कराया:** मॉक ड्रिल के माध्यम से "झुको, ढको और पकड़ो" (Drop, Cover, Hold) तकनीक का अभ्यास कराया गया। आपदा टीम ने बताया कि भूकंप आने पर घबराने की बजाय शांत रहना चाहिए। किसी मजबूत मेज या फर्नीचर के नीचे छिपकर सिर को अच्छी तरह ढकना चाहिए और फर्नीचर को कसकर पकड़कर रखना चाहिए।

**खंभों और पेड़ों से दूर रहने के निर्देश:** ऊंची इमारतों से बाहर निकलने के लिए केवल सीढ़ियों का प्रयोग करने की सलाह दी गई, लिफ्ट का उपयोग न करने को कहा गया। टीम ने यह भी बताया कि यदि कोई बहुमंजिली इमारत, मॉल, सिनेमा हॉल या कार्यालय में हो, तो झटके रुकने के बाद ही सुरक्षित तरीके से बाहर निकलें। खुले स्थान पर होने की स्थिति में इमारतों, बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहने के निर्देश दिए गए। वाहन चला रहे लोगों को सड़क के किनारे वाहन रोककर बाहर आ जाना चाहिए। भूकंप के समय खिड़की से कूदने जैसी भूल नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव नियंत्रण और अग्नि सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई तथा मॉक ड्रिल कराई गई।

**मुख्य उद्देश्य आपदा के समय सजगता:** इस अवसर पर एनजीओ के सचिव शिवपूजन सिंह, आपदा मास्टर ट्रेनर हेमशंकर कुमार, नवादा थानाध्यक्ष सुजीत कुमार, पुलिस बल, अग्निशमन व मेडिकल टीम के सदस्य मौजूद रहे। पॉलिटेक्निक की प्राचार्य डॉ. रानी बेगम, स्कूल निदेशक निलेश कुमार सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं और क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय सजगता और तैयारी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–07–25–26.

1. कार्य का नाम : इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)''– पूर्वी मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में कोडरमा–अरिगड़ा खंड के दोहरीकरण कार्य के निर्माण के संबंध में कठौतिया स्टेशन से हजारीबाग टाउन स्टेशन तक चैनल 51,500 किमी से 81,000 किमी (कुल 29.50 किमी) तक 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के लिए दोहरीकरण कार्य के निर्माण सहित मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुल, बड़े पुल, आरओबी (मौजूदा आरओबी को हटाने सहित), एलएचएस/आरयूबी, ट्रैक का काम, प्लेटफॉर्म का काम, स्टेशन भवन, एफओबी, अन्य भवन और संबंधित विविध कार्यों। 2. अंकलित मूल्य (रू.) : ₹342,28,50,769.98, 3. निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) : ₹0.00, 4. अग्रधन राशि (रू.) : ₹1,71,14,300.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 730 दिन। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 27.03.2026 at 15:30 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1702/एमएचएक्स/नि./टी/25–26/56

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती पूजा पर भरखर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**ब्रह्मपुर**। सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर ज्योति क्लब, भरखर के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भरखर में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या ने पूरे क्षेत्र को उल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध बाल कलाकार आर्यन बाबू रहे, जिन्होंने अपने मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मात्र 11 वर्ष की अल्प आयु में ही आर्यन बाबू सैकड़ों भोजपुरी फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं तथा अनेक लोकप्रिय गीतों को अपनी सुमधुर आवाज़ दे चुके हैं। उनकी प्रस्तुति उनकी असाधारण प्रतिभा, निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन का जीवंत प्रमाण रही। आर्यन बाबू के अतिरिक्त अभिषेक पाण्डेय, सुभाष राय, रिया कश्यप, खुशी तिवारी एवं मोहिनी सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का सशक्त एवं सधे हुए ढंग से मंच संचालन विकास पाण्डेय द्वारा किया गया।

### फाउंडेशन स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस समारोह

**बक्सर**। फाउंडेशन स्कूल, बक्सर के प्रांगण में 77वें गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। यह समारोह देशभक्ति की भावना और छात्र-छात्राओं के असीम उत्साह से ओत-प्रोत था, जिसमें सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों को एक सूत्र में पिरोते हुए जनमानस पर एक अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मनोज त्रिगुण जी, विमला देवी, जेआर चौधरी तथा अन्य सम्मानीय स्टाफ एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा झंडा फहरा कर किया गया। मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण में ऊर्जा का संचार कर दिया। इसके उपरांत, वरिष्ठ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्कृष्ट शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वहीं, एक अन्य अत्यंत भावुक मंचन में एक सैनिक के सर्वोच्च बलिदान की गाथा दिखाई गई। गणतंत्र और देशभक्ति पर आधारित सामूहिक गीतों ने भी आयोजन को और समृद्ध किया।

### सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में फहराया गया तिरंगा

**गड़हनी**। 77 वें गणतंत्र दिवस पर प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड प्रमुख विनोद सिंह, नगर पंचायत में मुख्य पार्षद कुबू निशा,गड़हनी थाना में एसएचओ कमलजीत, बगवां पंचायत भवन पर मालती देवी, बलीगांव पंचायत भवन पर सुनील कुमार, कुरकुरी पैक्स गोदाम पर शिवमंगल सिंह, बड़ौरा पंचायत भवन पर कमलावती देवी, डीएवी स्कूल में व्यवस्थापक अभय सिंह , बराप पंचायत भवन पर मुखिया चन्द्रशेखर सिंह, उत्क्रमित विद्यालय पड़रिया गड़हनी में प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह सहित कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में फहराया गया तिरंगा। गड़हनी स्टेडियम में स्व बदरुद्दीन मेमोरियल एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच मोहनिया बनाम आरा एकादश के बीच खेला गया। उद्घाटन मुख्य पार्षद कुबू निशा, प्रखंड प्रमुख विनोद सिंह, पिरो कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ,भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार अरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सभी खिलाड़ियों व अतिथियों पर जेसीबी से फूल की बारिश कर स्वागत किया गया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू ने सभी अतिथियों को गमछा देकर सम्मानित किया।

### 35 महिलाएं बनेंगी उद्यमी, सॉफ्ट टॉय मेकिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

**कोईलवर**। मंगलवार 27 जनवरी से पीएनबी आरसेटी में सॉफ्ट टॉय मेकर एंड सेलर का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू हुआ है। जिसमें कोईलवर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से चयनित 35 महिलाएं भाग ले रही हैं। यह प्रशिक्षण 9 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण में धनडीहा, दौलतपुर, कुलहड़िया, सकड्डी और नगर पंचायत कोईलवर क्षेत्र की महिलाएं हैं। इनमें में अनीता देवी, अंजू देवी, चिंता कुमारी, लवली देवी, मीरा देवी, प्रियंका देवी, पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, रेखा देवी, रेखा कुमारी, सुजाता मिश्रा, सुषमा भारती, रिंकी देवी, चंचल देवी, अनुसूया देवी, रमिता देवी, लग्न देवी, सरिता देवी, प्रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, रीमा देवी और अन्य हैं। इन महिलाओं को प्रशिक्षण से जोड़ने में जीविका की बीपीएम अनिता कुमारी ने प्रेरक का कार्य किया। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण, सभी सुविधाएं मुफ्त पीएनबी आरसेटी के संकाय देव कुमार ने बताया कि माही, आशा, दीप और सीताराम जीविका समूह की 35 महिलाओं को सॉफ्ट टॉय मेकिंग एंड सेलिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। महिलाओं को खाना, रहना और ड्रेस की सुविधा पीएनबी आरसेटी द्वारा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण के बाऊ सभी महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में आत्म-निर्भर बनेंगी। कुत्ता, खरगोश, टेडी बियर और हैंगिंग बंदर बनाएंगी महिलाएं प्रशिक्षण में महिलाओं को सॉफ्ट टॉय निर्माण की पूरी प्रक्रिया सिखाई जा रही है। इसमें कागज का पैटर्न तैयार करना, खिलौनों के हिस्सों की रेखाएं खींचना, सांचे बनाना, सिलाई की बुनियादी तकनीक शामिल है। महिलाएं कुत्ता, खरगोश, हंस, टेडी बियर, हाथी, बैग हैंगिंग बंदर तथा पक्षियों और अन्य विभिन्न आकर्षक सॉफ्ट टॉय और सजावटी उत्पाद तैयार करना सीखेंगी। प्रशिक्षक रीना शर्मा ने बताया कि सभी महिलाओं को 14 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान उनके अंदर के सिलाई-कढ़ाई के मौजूद कुदरती गुणों में और निखार लाया जाएगा। संकाय देव कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में घरों के बेकार पड़े कपड़ों का उपयोग कर सॉफ्ट टॉय बनाए जाएंगे। प्रशिक्षण परियोजना के निदेशक रमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें आत्म-निर्भर बनाने के लिए व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को आपसी परिचय एवं तालमेल की गतिविधियां, आत्म-विश्वास बढ़ाने के अभ्यास, उद्यमिता का महत्व,कौशल और सफलता का संबंध, स्व-रोजगार की उपयोगिता और विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा व्यवसाय योजना बनाना, संसाधन जुटाना, ग्रामीण बाजार की समझ, सफल उद्यमियों से जुड़कर उनके अनुभवों का विश्लेषण और सरकारी योजनाओं व बैंक ऋण सहायता प्रणाली की जानकारी भी दी जाएगी। नए डिजाइन और उत्पाद विकसित करने की कला भी सिखाई जाएगी।

### डीएम को बेस्ट डीइओ अवार्ड मिलने पर भाजयुमो ने किया सम्मानित

**आरा**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम एवं वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट एवं प्रभावी कार्य निष्पादन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया को राज्यस्तरीय समारोह में बेस्ट डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर (डीइओ) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान की खुशी में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी को फ्रूट बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। भाजयुमो नेताओं ने डीएम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती होती है, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा और कुशल प्रशासनिक क्षमता के साथ निभाया। मौके पर युवा मोर्चा के आदित्य सिंह, उमंग चंद्रवंशी, प्रतीक विराट, राजन नैयर, वीरेंद्र जी, प्रियांशु श्रीवास्तव, अमलेश यादव एवं रत्नेश नंदन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकारी स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के बाजार समिति रोड पर बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। बिहार सरकार लिखी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान रेलवे गुमटी पाण्डेय पट्टी निवासी निर्मल कुमार गुप्ता (50 वर्ष) और सिविल लाइन निवासी ई-रिक्शा चालक दीपक कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसे में ई-रिक्शा चालक दीपक कुमार की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

**स्कॉर्पियो पर "बिहार सरकार" लिखा था**: टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में शामिल स्कॉर्पियो पर "बिहार सरकार" लिखा था, जबकि आगे "बिहार सरकार राज्य कर संयुक्त आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग, बक्सर" अंकित था। मौके पर मिले एक कार्ड पर चालक का नाम अभिषेक कुमार दर्ज पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो बस्ती वाले इलाके में 100 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक की रफ्तार से चल रही थी। प्रत्यक्षदर्शी युवकों ने आरोप लगाया कि कई विभाग कम पैसों में निजी चालकों को रखते हैं, जो लापरवाही से गाड़ी चलाकर आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

**भाजपा नेता के घर की बाउंड्री से जा टकराया**: यह हादसा होमगार्ड कार्यालय के सामने हुआ। टक्कर के बाद ई-रिक्शा सड़क किनारे बने भाजपा नेता वर्षा पाण्डेय के निजी घर की बाउंड्री से जा टकराया, जिससे बाउंड्री पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, बाउंड्री के भीतर खड़ी उनकी कार बाल-बाल बच गई। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर होमगार्ड कार्यालय की ओर भाग निकला। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर BR 44 P 8196 बताया गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों में बक्सर प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने सरकारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर सवाल उठाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## तेज रफ्तार बाइक नीलगाय से टकराई



निज संवाददाता। आरा

आरा-पटना नेशलन हाईवे पर केटीएम बाइक नीलगाय से टकरा गई। बाइक पर 2 युवक सवार थे। एक फुफेरा भाई, दूसरा ममेरा भाई। दोनों घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, पर अस्पताल पहुंचने से पहले ही एक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। फुफेरे भाई की मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा ममेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ के बीच की है। जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के धन्डीहा गांव निवासी सह धन्डीहा पंचायत के वार्ड नंबर दो के वार्ड सदस्य शिशुपाल राय का 28 वर्षीय बेटा चंदन कुमार है। जो किसी दुकान में बिलिंग का काम करता है। जबकि जख्मी उसी थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी भुअन राय का 17 वर्षीय बेटा सन्नी यादव है। वह इंटरमीडिएट का छात्र था। दोनों रिश्ते में ममेरे-फुफेरे भाई लगते हैं।

**ममेरे भाई के घर गया था**: मृतक पिता शिशुपाल ने बताया कि उनका बेटा ममेरा भाई सन्नी यादव के घर गया और वहां से वह दोनों बाइक से सकड्डी की ओर किसी काम से जा रहे थे। उसी दौरान कोईलवर थाना और मनभावन मोड़ के बीच सड़क पार कर रही नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मूर्ति विसर्जन में नाचने से मना करने पर पिटाई

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान पिता-बेटे समेत तीन लोगों को पिटाई कर दी गई। नाचने-गाने के विवाद में मारपीट हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत किया। मारपीट में तीनों घायल हो गए। उन्हें बड़हरा के मनी स्थित पीएचसी से आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में बड़हरा थाना क्षेत्र के शालिग्राम सिंह के टोला गांव निवासी 60 वर्षीय कामेश्वर राय और उनके 2 पेटे 18 वर्षीय रंजीत कुमार और 23 वर्षीय मनोज कुमार शामिल है। इधर, रंजीत कुमार ने बताया कि जब वह खेत से ट्रैक्टर लेकर वापस घर लौट रहा था। तभी बीच रास्ते में गांव के ही गोपी यादव समेत अन्य लोग मूर्ति विसर्जन करने जा रहे थे। विसर्जन के दौरान उन लोगों की ओर से डीजे बजाया जा रहा था और सभी नाच रहे थे। तभी मुझे बीच रास्ते में रोक कर गोपी यादव कहने लगा कि तुम भी नाचो। मना किया तो पिटाई कर दी। घटना बड़हरा थाना क्षेत्र के शालिग्राम सिंह के टोला गांव की है।

**बीच-बचाव में भाई और पिता पहुंचे थे**: घायल ने कहा कि जब मेरे पिता कामेश्वर राय और बड़े भाई मनोज कुमार बीच-बचाव करने पहुंचे उनलोगों ने उनकी भी पिटाई कर दी। वहीं, दूसरी तरफ जख्मी रंजीत कुमार ने गांव के गोपी यादव एवं उसके साथ रहे अन्य लोगों पर नाचने से मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रहे हैं।

# वीकेएसयू का सातवां दीक्षांत समारोह

निज संवाददाता। आरा



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) का सातवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई। राज्यपाल के पहुंचते ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पौधरोपण, शोभायात्रा, राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन का आयोजन किया गया ।

**राज्यपाल ने दिया गोल्ड मेडल**: कुलपति की ओर से दिए गए भाषण के बाद राज्यपाल ने गोल्ड मेडल, पीएचडी उपाधि और डिग्रियां दी। दीक्षांत समारोह को लेकर पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल दिखा। कुलपति ने बताया कि दूसरी बार दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ है और अब विश्वविद्यालय में हर साल नियमित रूप से दीक्षांत समारोह आयोजित करने की परंपरा विकसित की जाएगी।

**टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा**: विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और सुविधाएं उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रुप ए, बी, सी और डी के अंतर्गत साइकोलॉजी, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, केमिस्ट्री, फिजिक्स, जूलॉजी, संस्कृत, उर्दू, भोजपुरी, लोक प्रशासन सहित अन्य विषयों के टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शायी है। ग्रुप ए के तहत साइकोलॉजी में अभिषेक कुमार तिवारी, गणित में आकांक्षा कुमारी वर्मा, संस्कृत में अंकित कुमार मिश्रा, भोजपुरी में अंकित पांडे, लोक प्रशासन में केएम आफरीन नाज, प्राचीन इतिहास में कीर्ति कुमार, भूगोल में कुमारी उन्नति सिंह, हिंदी में निकिता सिंह, अर्थशास्त्र में पीयूष कुमार, वाणिज्य में प्रणिता कुमारी और भौतिकी में प्रिया मिश्रा को गोल्ड मेडल मिला।

**विवेक कुमार सिंह को पीजी गोल्ड मेडल मिला**: ग्रुप बी में जूलॉजी में रवि शर्मा, उर्दू में साना परवीन, मास्टर ऑफ एजुकेशन में शादियां जबीन, सोशलॉजी में शिवांगी कुमारी, फिलॉसफी में शोभा कुमारी, इंग्लिश में श्रुति श्रेया, इतिहास में सूर्य प्रकाश नारायण देव, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्वाति कुमारी, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में स्वाति रंजन, केमिस्ट्री में स्वाति सिंह और प्राकृत में विवेक कुमार सिंह को पीजी गोल्ड मेडल दिया गया। ग्रुप सी के तहत ज्योग्राफी में अभिषेक कुमार, फिजिक्स में चंद्रशेखर चौबे, प्राकृत में गौतम कुमार, पॉलिटिकल साइंस में जिज्ञासा, सोशलॉजी में ज्योति कुमारी, मैथमेटिक्स में काली पांडे, वाणिज्य में करिश्मा कुमारी, हिंदी में खुशबू कुमारी, भोजपुरी में कुमारी अंशु, संस्कृत में मानसी कुमारी और एमबीए में मासूम कुमारी को गोल्ड मेडल मिला।

# किराना व्यवसायी को मारी गोली

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजापुर बेनीलाल के डेरा गांव में मंगलवार देर शाम एक किराना व्यवसायी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यवसायी को इलाज के लिए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। घायल युवक की पहचान 24 वर्षीय राकेश गुप्ता के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय भुवनेश्वर शाह के पुत्र हैं। राकेश गांव में किराना दुकान चलाते हैं। परिजनों ने बताया कि घटना रात करीब दस बजे हुई, जब राकेश अपनी दुकान बंद कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधी मौके पर पहुंचे और राकेश की कनपटी में सटाकर गोली मार दी। गोली लगने से राकेश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राकेश को तुरंत सिमरी पीएचसी ले गए।

**गंभीर हालत में भेजा गया ट्रॉमा सेंटर**: प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, बेहतर इलाज के लिए उन्हें वाराणसी स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल राकेश के बड़े भाई दिनेश प्रसाद डेरा ने बताया कि राकेश की किसी से कोई पुरानी दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के समय राकेश कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थे। होश में आने पर ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा। बक्सर सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सरस्वती चंद्र मिश्रा ने बताया कि सिमरी से रेफर किए गए युवक राकेश के बाएं कनपटी के पास गोली लगी थी। प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है।

**नागरिकों को रोजाना बनाया जा रहा निशाना**: घटना की सूचना मिलते ही राजद नेता बबलू यादव भी बक्सर सदर अस्पताल पहुंचे और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में मौजूदा सरकार के कार्यकाल में आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है और आम नागरिकों को रोजाना निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही रामदास राय के डेरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक गोली मारने के पीछे के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। दिनदहाड़े और रिहायशी इलाके में हुई इस घटना ने एक बार फिर जिले की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और वे अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## ब्रह्मपुत्र मेल के यात्री के 2 लाख नगद व सामान सुरक्षित, आरपीएफ ने लौटाया



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में आरपीएफ की ईमानदारी की मिसाल देखने को मिली जब ब्रह्मपुत्र मेल के यात्री का 2 लाख नगद व सामान सुरक्षित लौटा दिया। यह सराहनीय कार्रवाई निरीक्षक प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक दिनेश चौधरी, उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल, सहायक उप निरीक्षक नंदलाल राम एवं आरक्षी बीके सिंह द्वारा की गई। सुरक्षा नियंत्रण कक्ष दानापुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 15658 ब्रह्मपुत्र मेल के कोच एच-1, बर्थ नंबर 13 पर यात्रा कर रहे एक यात्री के 2 ट्रॉली बैग एवं 1 पिठू बैग ट्रेन में छूट गए हैं। तत्पश्चात यात्री को सूचित किया गया। यात्री की पहचान सब्बाज खान (उम्र लगभग 66 वर्ष), पिता अहमद खान, निवासी फौजदारी पट्टी, गुरुद्वारा रोड, नागांव (असम) के रूप में हुई। यात्री आरपीएफ पोस्ट पर पहुंचे और बताया कि दोनों ट्रॉली बैग में 1-1 लाख रुपये नगद के साथ कपड़े एवं दवाइयां रखी हुई हैं।

## आरपीएफ ने लौटाए 2 लाख कैश

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक बुजुर्ग यात्री का खोया हुआ सामान और 2 लाख रुपए नगद सुरक्षित रूप से वापस कर दिया। यह घटना 27 जनवरी 2026 को हुई, जब ब्रह्मपुत्र मेल में एक यात्री का बैग छूट गया था। सुरक्षा नियंत्रण कक्ष दानापुर को रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 15658 ब्रह्मपुत्र मेल के कोच H-1, बर्थ नंबर 13 पर सवार एक यात्री के दो ट्रॉली बैग और एक पिठू बैग ट्रेन में ही छूट गए हैं। यात्री आरा स्टेशन पर पानी लेने उतरे थे और ट्रेन खुलने के कारण वापस नहीं चढ़ पाए। सूचना मिलते ही आरपीएफ बक्सर हरकत में आ गया। जैसे ही ब्रह्मपुत्र मेल बक्सर स्टेशन पर पहुंची, आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और जवानों ने तत्परता दिखाते हुए कोच H-1 के बर्थ नंबर 13 से तीनों बैग सुरक्षित रूप से उतार लिए। इसके बाद संबंधित यात्री को इसकी सूचना दी गई।

**दोनों ट्रॉली बैग में था एक-एक लाख कैश**: यात्री की पहचान सब्बाज खान (लगभग 66 वर्ष), पिता अहमद खान, निवासी फौजदारी पट्टी, गुरुद्वारा रोड, नागांव, असम के रूप में हुई। सूचना मिलने पर यात्री आरपीएफ पोस्ट पहुंचे और बताया कि दोनों ट्रॉली बैग में एक-एक लाख रुपए नगद के साथ कपड़े एवं दवाइयां रखी हुई हैं। आरपीएफ अधिकारियों ने यात्री की उपस्थिति में बैग खुलवाकर तलाशी ली। जांच के दौरान दोनों ट्रॉली बैग में 500 के नोटों की चार-चार गड्डियां, कुल मिलाकर दो लाख रुपये नकद, तथा लगभग 30 हजार मूल्य का अन्य सामान पाया गया। सभी नकद राशि और सामान पूर्ण सत्यापन एवं पहचान के बाद यात्री को सुपुर्द कर दिया गया।

**पुलिस ने सामान बरामद कर सौंपा**: इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक प्रभारी कुंदन कुमार ने किया। उनके साथ उप निरीक्षक दिनेश चौधरी, उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल,सहायक उप निरीक्षक नंदलाल राम एवं आरक्षी बी.के. सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सामान बरामद किया और सही सलामत यात्री को सौंपा। आरपीएफ की इस सराहनीय कार्यशैली की चर्चा अन्य यात्रियों में भी व्यापक रूप से हो रही है और इसे रेलवे सुरक्षा बल की मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

## अवैध हथियार के साथ 4 की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा



आरा शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों में की गई छापेमारी और सघन जांच के दौरान पुलिस ने 4 आरोपितों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एक देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा, 1 मैगजीन, 4 कारतूस, 1 चाकू, 3 मोबाइल फोन और 1 बाइक बरामद की गई है। जानकारी भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज ने मंगलवार को पीसी में दी। पुलिस ने टाउन थाना और नवादा थाना में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है, जिनमें कुल 5 लोगों को आरोपित बनाया गया है।

**पुलिस को देखकर भाग रहे थे**: पुलिस के अनुसार, पहली कार्रवाई टाउन थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना मिली थी कि 3 युवक एक बाइक पर सवार होकर सपना सिनेमा और इंदु महिला कॉलेज मार्ग से अवैध हथियार लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए टाउन थाना इंस्पेक्टर देवराज राय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और संभावित मार्गों पर देर रात घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही बाइक सवार तीनों युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गोलू कुमार और संतोष कुमार और छोटू कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 1 कट्टा, 1 चाकू और 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जबकि घटना में इस्तेमाल बाइक को भी जब्त कर लिया गया।

**फरार युवक को तलाश रही पुलिस**: दूसरी ओर नवादा थाना क्षेत्र में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भी पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। अनाईठ हनुमान मंदिर के पास गश्त के दौरान इंस्पेक्टर विपिन बिहारी के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली कि जुलूस में शामिल एक किशोर पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर दारोगा दीपक कुमार और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन और चार कारतूस के साथ पकड़ा। हालांकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया, जिसकी पहचान गिरफ्तार आरोपित के बयान के आधार पर कर ली गई है। पुलिस फरार युवक की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोंछी मिल्की में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**केसरिया।** गोछीं मिल्की स्थित खेल मैदान में ए सलमान व सलाम हाशमी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया मोहिबुल्लहा उर्फ मुना, फैयाज, मौलाना डॉ. शाहनवाज हाशमी एवं सचिव शैयद शाबीर इकबाल ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले फैज को व्याज क्लब के सेक्रेटरी मौलाना डॉ. शाहनवाज हाशमी द्वारा मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं लीजेंड वारियर्स टीम को उपविजेता (रनर-अप) कप हारून खान ने प्रदान किया। विजेता टीम के कप्तान समीम रजा को सचिव शैयद शाबीर इकबाल द्वारा विजेता कप सौंपा गया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### केसरिया में बेकरी एंड कैफे' का हुआ उद्घाटन



**केसरिया।** मुख्य बाजार में बुधवार को 'केसरिया बेकरी एंड कैफे' नामक नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन केसरिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शुभम राज, सह सचिव अवनीश कुमार उर्फ चूमन पाठक, महासचिव डॉ. राकेश कुमार, पूर्व संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता एवं पूर्व महासचिव राकेश कुमार रत्न ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद चैम्बर अध्यक्ष शुभम राज ने कहा कि केसरिया में नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र के आर्थिक विकास का संकेत है। इससे न सिर्फ बाजार को मजबूती मिलेगी बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। चैम्बर ऑफ कॉमर्स हमेशा ऐसे सकारात्मक प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक मोहित कुमार ने केसरिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री और बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास करेंगे। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्राहक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। लोगों ने नए प्रतिष्ठान के खुलने पर खुशी जताई और इसे केसरिया बाजार के लिए एक नई सुविधा बताया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केसरिया में निजी अस्पतालों की जाँच की



**केसरिया।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार की संध्या केसरिया क्षेत्र में कई निजी अस्पतालों की जांच की। टीम में शामिल लोगों ने मां अन्नपूर्णा आई हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों का जांच किया गया। जांच के क्रम में टीम ने अस्पताल प्रबंधन से संचालन से संबंधित आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने को कहा। जांच टीम में डॉ सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, डॉक्टरों की उपस्थिति, मरीजों के इलाज की व्यवस्था तथा पंजीकरण संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूजा ने बताया कि यह कार्रवाई विभागीय निर्देश के आलोक में की गई है। सभी निजी अस्पतालों को नियमों के अनुरूप संचालन करने तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कागजातों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेयर सीता साहू ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय की बालिकाओं को किया प्रोत्साहित

**स्वच्छ सर्वेक्षण जागरूकता अभियान**

**♦ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में महिलाएँ अपनी अग्रणी भूमिका निभाएँ : सीता साहू**









**निज संवाददाता। पटना**

पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजार बाग,पटना के प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में पटनावासियों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पटना नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीना के निर्देशन में स्वच्छता जागरूकता गीत एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बालिकाओं के मध्य किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे, पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा गायक राजेश केशरी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में मेयर सीता साहू ने सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने पटना को नम्बर वन बनाने की बात कही ।उन्होंने आगे कहा कि पटना नगर निगम द्वारा लगातार यही प्रयास किया जा रहा है कि किस तरह आप और हम मिलकर स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकें । आज महिलायें हर कदम पर आगे हैं । चाहे पढ़ाई-लिखाई की बात हो या घर गृहस्थी चलाने की । महिलाएं हर जगह सफल होती रही हैं । इसीलिए आप सभी छात्राओं से मैं यही कहना चाहूँगी कि आप लोग स्वच्छता के प्रति भी समाज और देश को जागरूक करें । एक स्वस्थ समाज में ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है । जब आप बालिकाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे हैं तो स्वच्छ सर्वेक्षण में भी आगे आयें और बढ़ चढ़ कर इसमें भाग लें । हमलोगों को मिलजुल कर पटना को नम्बर वन बनाना है । यह सब तभी संभव है जब आप अपने साथ साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसमें शामिल करेंगी । महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने सभी छात्रों एवं अन्य श्रोताओं से विनम्र अनुरोध किया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर बनाएं ।

इस विशेष अवसर पर बिहार की सुप्रसिद्ध लोकगायिका एवं पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीतों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाया और उन्हें स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शानदार संगीत पर बिहार के पारंपरिक लोकगीतों के साथ-साथ है कई अन्य गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।सबसे बड़ा है गहना साफ रहना, घर घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। साफ सफाई अपनाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा,बड़ा जोर से चलल बाटे स्वच्छता अभियान हो इत्यादि की प्रस्तुति के दौरान बालिकाएं व शिक्षिकाएं खुशी से झूम उठीं एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा । राजेश केशरी ने भी बहुत सारे स्वच्छता जागरूकता गीत प्रस्तुत किए ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने भी गीत संगीत की प्रस्तुति दी और वाद विवाद प्रतियोगिता में भी भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वाद विवाद प्रतियोगिता में सिल्की कुमारी,वैष्णवी कुमारी एवं निम्मी कुमारी विजयी रहीं । कार्यक्रम में महाविद्यालय संकाय की शिक्षिकाएं डॉ. संगीता विश्वनाथ,डॉ. उषा यादव, डॉ. कुमारी निमिषा, डॉ. विनीता, डॉ. सबीहा अहसन, श्रीमती अनिता मिंज, डॉ. मंजू कुमारी, श्रीमती प्रभा कुमारी, डॉ. रंजू कुमारी, डॉ. पूनम कुमारी, श्रीमती अनिता एक्का इत्यादि उपस्थित रहीं । हारमोनियम पर राजू मिश्रा और तबला पर श्याम जी ने संगत किया ।

# विकसित भारत 2047 पर आयोजित पांच दिवसीय प्रदर्शनी एवं जागरूकता अभियान सम्पन्न

**निज संवाददाता। बेतिया/पटना**





सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा बेतिया राज कचहरी मैदान में 24 से 28 जनवरी 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जन-जागरूकता अभियान का सफल समापन हुआ। यह अभियान 'विकसित भारत @ 2047' विषय पर आधारित था और इसमें केंद्र सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने पर बल दिया गया।

इस अभियान का प्रमुख केंद्रबिंदु VB-G RAM-G योजना यानी विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 रहा, जिसे पूर्ववर्ती मनरेगा का रूपांतरण माना जा रहा है। इस अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गारंटीशुदा रोजगार दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। इस अवसर पर बेतिया की महापौर गरिमा देवी सिसकारिया ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने पूरे अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्यक्ष रूप से मिलती है।

अभियान के दौरान भारतीय डाक विभाग, बेतिया ने अपना स्टॉल लगाकर बाल आधार पंजीकरण, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक बीमा सहित विभिन्न सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराईं। पांच दिनों के भीतर 150 बाल आधार, 50 सुकन्या समृद्धि खाते और 40 डाक बीमा के प्रकरण निपटाए गए। निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण की भावना से लगभग 270 पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया। इससे युवाओं और नागरिकों में हरित जागरूकता बढ़ी।

इसके अतिरिक्त 'संदेश टू प्रधानमंत्री' अभियान के अंतर्गत नागरिकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पोस्टकार्ड भेजकर अपने विचार, सुझाव और मांगें साझा कीं, जिससे कार्यक्रम को सहभागितापूर्ण स्वरूप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन क्विज प्रतियोगिता, संवाद, परिचर्चा, लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाट्य मंचन और जादूगर ए. के. सरकार द्वारा योजनाओं का मनोरंजक प्रचार किया गया। इन गतिविधियों ने स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति और रुचि दोनों में वृद्धि की। सीबीसी, पटना के उप निदेशक लौकिक पारिख ने अपने संबोधन में VB-G RAM-G योजना के प्रावधानों और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार, आजीविका और उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ग्यास अख्तर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह समाचार संपादक, डीडी न्यूज जावेद अंसारी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार के डॉ. नीरज गुप्ता, सत्याग्रह फाउंडेशन के डॉ. एजाज अहमद, वरिष्ठ पत्रकार श्री अमानुल हक, विभागीय अधिकारी निशांत, स्थानीय कलाकार, नागरिक एवं अनेक गणमान्य अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय यह प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान ऐतिहासिक राज कचहरी मैदान में आयोजित हुआ, जहाँ महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कई रणनीतिक बैठकों का संचालन किया था। इस कारण कार्यक्रम को प्रतीकात्मक और भावनात्मक जुड़ाव भी मिला। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को केंद्र सरकार की योजनाओं से परिचित कराना और उन्हें लाभान्वित करना रहा, जिसे जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

# धनरूआ प्रखंड में मछुआ समितियों के लिए 'कॉमन सर्विस सेंटर' की शुरुआत

## ग्रामीण सेवाओं को मिलेगा स्थानीय लाभ

**निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना**





पटना के मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को मछुआ समुदाय से जुड़े लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा धनरूआ प्रखंड के बारीबीघा गांव में 'कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) काउंटर' का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र के शुरू होने से मछुआ समाज एवं ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, डिजिटल सेवाओं और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ अब अपने ही स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मत्स्यजीवी सहयोग समिति के शैलेन्द्र कुमार ने की, जबकि मंच संचालन समाजसेवी राजेश कुमार बिंद द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं समाजसेवी शकलदेव बिंद तथा बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ के निर्देशक ऋषिकेश कश्यप मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि शकलदेव बिंद ने अपने संबोधन में कहा कि इस कॉमन सर्विस सेंटर के शुरू होने से राज्य के हजारों मछुआरों को डिजिटल रूप से जुड़ने और सरकारी योजनाओं से लाभ लेने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मछुआ समुदाय विभिन्न योजनाओं से वंचित था, लेकिन अब यह केंद्र उन्हें नए अवसर प्रदान करेगा।

वहीं बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने केंद्र को मछुआ समाज के लिए 'क्रांतिकारी बदलाव' बताते हुए कहा कि समाज अब तेजी से मुख्यधारा में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि मछुआ समाज अभी भी सामाजिक रूप से पिछड़ा हुआ है और इन्हें आगे लाने के लिए संस्था लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में समितियों द्वारा तालाबों की बंदोबस्ती, मत्स्य पालन और विपणन जैसा काम किया जा रहा था, लेकिन आने वाले समय में प्रत्येक प्रखंड में मछुआ समिति एक 'वन स्टॉप सर्विस सेंटर' के रूप में कार्य करेगी। इस कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से अब एनएफडीपी पोर्टल पर मछुआरों का निबंधन, बीमा (मछुआ, नाव, मछली, मखाना आदि), प्रशिक्षण कार्यक्रम, तालाब से संबंधित जांच सुविधा, समिति सदस्यता, एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों की प्राप्ति जैसे कार्य सरल हो जाएंगे। साथ ही बैंकिंग सेवाओं में मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा ऋण, बीमा प्रीमियम जमा, एटीएम सेवा, मनी ट्रांसफर, आयकर कार्य, रेल–बस टिकट बुकिंग, पासपोर्ट सेवा, आयुष्मान कार्ड, मतदाता सूची से जुड़ा कार्य, आधार आधारित भुगतान सहित ग्रामीणों के दैनिक जीवन से जुड़े अनेक सुविधा कार्य भी संचालित होंगे।

इस अवसर पर कॉफ्फेड के निदेशक शिवनंदन प्रसाद, नालंदा जिला अध्यक्ष राज केवट, प्रखंड अध्यक्ष रंजन कुमार, जिला परिषद सदस्य उपेंद्र बिंद, मदन कुमार, सियाराम सिंह, जितेंद्र कुमार, राजकिशोर बिंद सहित अन्य लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ग्रामीणों और मछुआ समुदाय ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भूमि विवाद में विजय कुमार पांडेय ने प्रशासन से लगाई सुरक्षा और न्याय की गुहार

**निज संवाददाता। पटना**



आलमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिस्कोमान कॉलोनी के प्यारेलाल बाग निवासी विजय कुमार पांडेय ने भूमि विवाद से जुड़े एक गंभीर मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शासन-प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि उनकी मां की पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की साजिश रची जा रही है और इसी विवाद में उनकी जान पर कई बार जानलेवा हमला हो चुका है। पांडेय ने आरोप लगाया कि पूर्व में उन्हें चार गोलियां मारी गई थीं, लेकिन इलाज के बाद वे किसी तरह बच सके।

विजय कुमार पांडेय ने बताया कि शीतला मंदिर के पास स्थित उनकी मां के नाम की जमीन लंबे समय से विवादित है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद अखिलेश और हेमलता नामक व्यक्तियों ने इस जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर पहले अर्जुन सिंह और लल्लू मेहता को बेच दिया। वर्ष 2019 में जब उक्त जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई, तो विवाद हिंसक हो गया और कई राउंड गोलियां चलीं। जबकि पांडेय खुद चार गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में उनके दोस्त सचिन को 2 गोली लगी और अजय मेहता की जान चली गई थी। गंभीर हालत में उन्हें राजेश्वरी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उनकी जान बच पाई।

पांडेय ने आरोप लगाया कि अब अर्जुन सिंह का बेटा ललित भूषण जमीन पर कब्जा जमाने के लिए उन्हें लगातार धमका रहा है। वह अपने गुंडा प्रवृत्ति के दोस्तों के साथ मिलकर हमला करवा रहा है और झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक झूठे मुकदमे के जरिए उन्हें पहले जेल भी भेजा जा चुका है और उसी दौरान ललित भूषण ने विवादित जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। इस संबंध में थाने में शिकायत करने के बावजूद उन्हें अब तक कोई ठोस सुरक्षा नहीं मिल पाई है।

विजय कुमार पांडेय ने कहा कि उनके पास जमीन के असली दस्तावेज मौजूद हैं, इसी वजह से आरोपी उन्हें रास्ते से हटाना चाहता है। हाल के दिनों में उन पर फिर हमला किया गया और गली के कुछ असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर जान से मारने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी लगातार रेकी की जा रही है और उनके घर की ओर कैमरा लगाकर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, जिससे उनकी और परिवार की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विजय कुमार पांडेय ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की कि उन्हें तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और जब तक न्यायालय का अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक विवादित जमीन को खाली कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।

# पायस मिशन स्कूल अरवल में आज से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**निज संवाददाता। अरवल/पटना**






सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में 'विकसित भारत @ 2047' विषय पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का आयोजन आज से 30 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस अभियान के उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि अरवल के विधायक मनोज कुमार तथा कुर्था के विधायक पप्पू वर्मा होंगे। कार्यक्रम का समापन 30 जनवरी को जिलाधिकारी, अरवल की उपस्थिति में किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के विभिन्न तबकों तक पहुँचाना है। साथ ही नागरिकों को योजनाओं के लाभ ऑन-स्पॉट उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया गया है।

अभियान के दौरान स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, VB-G RAM-G योजना, आयुष्मान भारत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आधार सुधार जैसी योजनाओं से संबंधित सेवाओं का प्रतिदिन कैंप के माध्यम से वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरकारी विभागों एवं संस्थानों की सक्रिय भागीदारी के आधार पर नागरिकों को आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, आधार तथा डाक सेवाओं के साथ-साथ सदर अस्पताल, अरवल द्वारा मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

अभियान के अंतर्गत प्रदर्शनी, जन संवाद, परिचर्चा तथा लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि नागरिकों में योजना-सम्बंधी जागरूकता और रुचि दोनों में वृद्धि हो। मुख्य कार्यक्रम के पूर्व आउटरीच अभियान के हिस्से के रूप मेंबुधवार को पायस मिशन स्कूल परिसर में 'विकसित भारत @ 2047 : महावकांक्षी लक्ष्य' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता तथा फन गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में विकसित भारत की संकल्पना तथा भविष्य लक्ष्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।


कार्यक्रम के दौरान सीबीसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह तथा सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या सोनम मिश्रा, पत्रकार समीर रंजन, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम से उम्मीद है कि नागरिकों में केंद्र सरकार द्वारा संचालित लोक-कल्याणकारी योजनाओं की समझ एवं पहुंच बढ़ेगी और अधिकाधिक लाभार्थी सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित पति ने की खुदकुशी



**रांची।** पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। डोरंडा के मनीटोली वारिस चौक के समीप रहने वाले तौकिर अंसारी ने अपनी पत्नी तरन्नुम परवीन की तीन दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद वह फरार हो गया था। इसी दौरान मंगलवार देर रात उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। तौकिर अंसारी की पत्नी के भाई मो मोजाहिद ने डोरंडा थाना में तौकिर अंसारी और निशा के विरुद्ध डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मो मोजाहिद ने अपने आवेदन में कहा था कि 24 जनवरी को दोपहर में आरोपित की चाची ने उन्हें फोन कर उनकी बहन तरन्नुम की हत्या होने की सूचना दी थी। उन्होंने यह भी बताया कि उसके जीजा तौकिर ने उसकी बहन के सिर पर बंदूक से गोली मारी है। यह जानकारी मिलने के बाद वह बहन के घर पर पहुंचे। वहां उनके भांजे अरहाम अंसारी ने उन्हें बताया कि उसके पिता तौकिर ने मां तरन्नुम को गोली मारी। फिर उसे बिस्तर में लिटाकर उसके हाथ में बंदूक रख दी। मो. मोजाहिद ने पुलिस को बताया कि उसका जीजा तौकिर उनकी बहन को अक्सर प्रताड़ित और मारपीट किया करता था। आरोपित निशा के साथ तौकिर का संबंध था,जिसका विरोध उनकी बहन किया करती थी। इस वजह से तौकिर ने उनकी बहन को रास्ते से हटा दिया। प्राथमिकी दर्ज होने को बाद पुलिस आरोपित के संबंधित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच उसने खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### निकाय चुनाव अद्यतन मतदाता सूची से कराना सुनिश्चित करे राज्य सरकारः बाबूलाल मरांडी



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को नगर निकाय चुनाव में पुराने मतदाता सूची के उपयोग को लेकर कटघरे में खड़ा किया है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव अक्टूबर 2024 की मतदाता सूची के आधार पर कराए जाने की योजना है। इसका मतलब यह है कि केवल एक अक्टूबर 2024 से पहले पंजीकृत मतदाता ही मतदान में भाग ले सकेंगे। इस स्थिति में पिछले 15 महीनों में मतदाता सूची में शामिल हुए नए मतदाता और वे मतदाता, जिन्होंने अपना नाम एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराया है, नगर निकाय चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। मरांडी ने कहा कि मतदाता सूची का वार्षिक और अर्द्धवार्षिक पुनरीक्षण नियमित रूप से किया जाता है। इसके बावजूद अगर पुरानी सूची के आधार पर चुनाव कराए गए, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत होगा। उन्होंने इसे मतदाताओं के संवैधानिक अधिकार के प्रति गंभीर अन्याय बताया। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार से मांग की है कि नगर निकाय चुनाव अद्यतन मतदाता सूची के आधार पर कराए जाएं, ताकि हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और शहर की सरकार चुनने की प्रक्रिया में किसी को वंचित न किया जाए।

### जंगल में युवक की नृशंस हत्या कर शव फेंका




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। हेंदेबुरु गांव के समीप जंगल से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस जांच में मृतक की पहचान हेंदेबुरु निवासी सेलाय लागुरी(31)पुत्र दुलबू लागुरी के रूप में की गई है। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया युवक की बेहद बेरहमी से हत्या की गई है। हत्यारों ने पत्थर से उसके सिर को कुचलकर जान ली और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में फेंक दिया। मृतक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार,सेलाय लागुरी 19 जनवरी की शाम से लापता था। परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे,लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिल पाया था। बुधवार को गांव के एक ग्रामीण ने जंगल में शव देखा, जिसके बाद उसने गांव के मुंडा (मुखिया) को इसकी सूचना दी। मुंडा द्वारा तुरंत टोन्टो थाना को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही टोन्टो थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह एक सुनियोजित हत्या प्रतीत होती है और जल्द ही मामले का खुलासा करते हुए हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कैरव गांधी की सकुशल रिहाई पर आजसू पार्टी ने पुलिस को दी बधाई



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के अपहृत उद्यमी पुत्र कैरव गांधी की सकुशल रिहाई पर आजसू पार्टी ने जमशेदपुर पुलिस की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। पार्टी के प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और निरंतर प्रयासों के कारण ही यह बड़ी सफलता हासिल हो सकी। अप्पू तिवारी ने कहा कि इस गंभीर मामले में पुलिस ने पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की तत्परता से न केवल पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है, बल्कि आम जनता के बीच कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा भी मजबूत हुआ है। अपहरण जैसी गंभीर घटना में पुलिस की भूमिका सराहनीय और प्रशंसनीय रही है। अप्पू तिवारी ने कैरव गांधी के परिवार के प्रति संवेदना और शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आजसू पार्टी हमेशा आम जनता की सुरक्षा, न्याय और कानून-व्यवस्था के पक्ष में मजबूती से खड़ी रहेगी।

### सांसद प्रदीप वर्मा ने विमान हादसे में अजीत पवार के निधन पर जताया शोक



**रांची।** राज्य सभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने एनसीपी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के महाराष्ट्र स्थित बारामती में हुए विमान हादसे में निधन पर बुधवार को गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अजित पवार का असामयिक निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका सार्वजनिक जीवन, प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दुखद और हादसे में अन्य लोगों की भी जान चली गई, जो अत्यंत पीड़ादायक है। वर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना किया है कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों एवं समर्थकों को इस कठिन घड़ी में सहनशक्ति और संबल प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है।

# खूंटी नगर पंचायत चुनाव के लिए 23 फरवरी को मतदान, 27 को मतगणना

**एजेंसी। खूंटी**




खूंटी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद और 19 वार्ड पार्षदों के चुनाव के लिए 23 फरवरी को मतदान एवं 27 फरवरी को मतगणना होगी। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नगर पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उपायुक्त ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 28,719 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 13,672 पुरुष और 15,047 महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 20 भवनों में कुल 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से दो मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इस बार पिछले चुनाव की तुलना में एक मतदान केंद्र की वृद्धि की गई है। मतदान प्रक्रिया के लिए 102 मतपेटियों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 19 वार्डों में से नौ सीटें अनारक्षित हैं, जबकि सात सीटें अनुसूचित जनजाति, एक सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन के लिए पांच निर्वाची पदाधिकारी और 10 सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए व्यय सीमा 05 लाख रुपये और वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के लिए एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। चुनाव कार्य में सहयोग के लिए 30 बीएलओ की प्रतिनियुक्ति की गई है और 180 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर में पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष टोप्पो ने बताया कि चुनाव के दौरान 30 पुलिस अधिकारी, 38 हवलदार, चार क्यूआरटी टीम और चार दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक बूथ पर औसतन 1,400 मतदाता मतदान कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाने की अपील की है।

## टाटा पावर ने 10 गीगावाट ईपीसी निष्पादन का माइलस्टोन किया पार




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक 10 गीगावाट ईपीसी परियोजनाओं के सफल निष्पादन का माइलस्टोन पार कर लिया है। यह उपलब्धि भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में कंपनी की अग्रणी भूमिका को और मजबूत करती है। टीपीआरईएल, द टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की सहायक कंपनी है और देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में शामिल है। यह जानकारी बुधवार को टाटा स्टील की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अब तक कमीशन की गई 10 गीगावाट ईपीएसी परियोजनाओं में 9.7 गीगावाट सौर और 290 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें से 4.2 गीगावाट परियोजनाएं इन-हाउस हैं, जबकि 5.8 गीगावाट थर्ड-पार्टी ग्राहकों के लिए निष्पादित की गई हैं। यह उपलब्धि कंपनी की मजबूत परियोजना प्रबंधन क्षमता, कुशल निष्पादन मॉडल और गुणवत्ता एवं सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर संजय सेठ और बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक

**एजेंसी। रांची**



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के आकस्मिक निधन पर देशभर में शोक की लहर है। इसी क्रम में रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का विमान दुर्घटना में आकस्मिक निधन अत्यंत हृदयविदारक है। उनका प्रशासनिक कौशल, नेतृत्व क्षमता और विकासात्मक दृष्टिकोण महाराष्ट्र की राजनीति में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस दुख और वेदना के पीड़ादायक समय में वे दिवंगत नेता के परिवारजनों एवं समर्थकों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अंत में उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया एक्स पर शोक संदेश जारी किया। उन्होंने लिखा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के विमान दुर्घटना में असामयिक निधन से वे स्तब्ध हैं। राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अजीत पवार का निधन न केवल महाराष्ट्र, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुखद विमान हादसे में उनके साथ जान गंवाने वाले अन्य चार लोगों का निधन भी अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

## ग्राम सभा की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन का निर्माण रूकवाया

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के उत्तरी सरजमदा पंचायत अंतर्गत सरजमदा गुरुद्वारा के समीप सरकारी भूमि पर बन रहे सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों के कड़े विरोध के बाद बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और प्रशासन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक निधि से प्रस्तावित इस सामुदायिक भवन के निर्माण से पूर्व न तो ग्राम सभा का आयोजन किया गया और न ही पंचायत या गांव के लोगों को किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी दी गई। इसी बात से नाराज होकर सुरेंद्र मांझी, मनोज हांसदा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया और निर्माण कार्य तत्काल बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा गांव का सर्वोच्च निर्णय मंच है और बिना उसकी सहमति किसी भी सार्वजनिक भूमि पर निर्माण कार्य करना नियमों के विरुद्ध है। इस बीच स्थानीय ग्रामीण सुरेंद्र महतो ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है, वह वर्षों से गांव का आवागमन मार्ग रहा है। उनका आरोप है कि कुछ लोग जानबूझकर इस रास्ते को बंद करने की नीयत से भवन निर्माण कराना चाहते हैं, जिससे ग्रामीणों को भविष्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# अब सूचीबद्ध सभी अस्पतालों में सभी रोगों का होगा इलाज : छवि रंजन

**एजेंसी। रांची**



राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अब लाभुकों को सूचीबद्ध प्रत्येक अस्पताल में सभी रोगों का इलाज उपलब्ध होगा। यह नई व्यवस्था आगामी बीमा वर्ष से लागू की जाएगी। इसके लिए झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की ओर से नया टेंडर आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन ने नामकुम स्थित निदेशालय भवन में आयोजित प्री-बिड मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए छवि रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों की ओर से उठाई गई सभी शंकाओं का समाधान कर दिया गया है, जिसे तीन दिनों के भीतर वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना वर्ष 2025 में लागू हुई थी, लेकिन लाभुकों की शिकायत थी कि एक ही अस्पताल में सभी रोगों का इलाज उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए नई व्यवस्था लाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए बीमा वर्ष से पहले सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। बीडर्स को निर्देश दिया गया कि केवल उन्हीं अस्पतालों का चयन किया जाए, जहां सभी चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध हों, ताकि लाभुकों को प्रभावी और कैशलेस इलाज मिल सके। बैठक में बताया गया कि राज्य से बाहर देशभर के 237 अस्पतालों को सूचीबद्धता के लिए चिन्हित किया गया है। बैठक में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की अपर कार्यकारी निदेशक सीमा सिंह, महाप्रबंधक प्रवीण चंद्र मिश्रा और पदाधिकारी कुणाल भारती, अंशु कुमार सिंह और विवेक कुमार मौजूद थे।

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपित फरार




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बिरसानगर थाना क्षेत्र में एक स्कूल वैन के चालक पर 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। आरोपित की पहचान मन्नू उर्फ मनोज कुमार (45)के रूप में हुई है। वह टेल्को कॉलोनी के राधिका नगर का रहनेवाला है। घटना के बाद वह फरार हो गया है।परिजनों के अनुसार आरोपित रोजाना बच्ची को स्कूल ले जाता और लाता था। मंगलवार दोपहर को स्कूल वैन में ही उसने घटना को अंजाम दिया। शाम को घर लौटी बच्ची की हालत देखकर परिजन स्तब्ध रह गए। पूछताछ पर बच्ची ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसे सुनते ही परिवार में आक्रोश फैल गया। उन्होंने देर रात बिरसानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।आरोपित लंबे समय से बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने का काम करता था । मामले की जानकारी मिलते ही बिरसानगर थाना पुलिस हरकत में आ गई। पीड़िता को फौरन सदर अस्पताल भेजा गया, जहां मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जिम संचालक का हृदय गति रुकने से निधन, शोक की लहर

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



शहर के ग्वाला पट्टी निवासी 36 वर्षीय जिम संचालक सुनील कुमार यादव उर्फ वतन यादव का मंगलवार देर रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे मोहल्ले और शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। मिलनसार और समाजसेवी स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले वतन यादव के चले जाने से हर वर्ग के लोग गहरे दुख में हैं। परिजनों के अनुसार, सुनील कुमार यादव पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज जमशेदपुर में चल रहा था, जहां डॉक्टर उमेश खान उनकी देखरेख कर रहे थे। गत मंगलवार की रात लगभग 2:00 बजे वे अपने निवास पर ही थे, तभी अचानक उनकी छाती में तेज दर्द उठा और वे बेचैन हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में डॉक्टर को घर बुलाया। डॉक्टर के पहुंचने के बाद जांच की गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी मृत्यु का कारण हृदय गति रुक जाना बताया गया है। परिवार ने बताया कि सुनील कुमार यादव अपने पीछे लगभग छह वर्षीय एक पुत्र को छोड़ गए हैं। परिवार पर इस दुखद घटना से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन, रिश्तेदार और मित्र लगातार उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं। मोहल्ले वासियों और मित्रों का कहना है कि वतन यादव हमेशा समाज के कार्यों में आगे रहते थे। वे बेहद मिलनसार, मृदुभाषी और मददगार स्वभाव के थे। किसी भी सामाजिक कार्य या जरूरतमंद की सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहते थे। उनकी इसी छवि के कारण वे युवाओं और बुजुर्गों के बीच लोकप्रिय थे। उनके निधन की खबर मिलते ही झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई भी उनके घर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

अंतिम संस्कार में मोहल्ले वासी सहित शहर के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एक युवा का इस तरह असमय चले जाना बेहद मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि वतन यादव हमेशा समाज के लिए सक्रिय रहते थे और उनका जाना समाज के लिए एक बड़ी क्षति है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी की गई मोटरसाईकिल होण्डा साईन (रंग–काला )**

गढ़वा थाना कांड सं0–420/2025 दिनांक–14.09.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी की गयी होण्डा साईन मोटरसाईकिल (रंग–काला) जिसका रजी0 नं0–JH01AK1762, चेचिस न0–ME4JC36AB8160195, इंजन नं0–JC36E2238175 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 371732 (Police)25-26*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल(रंग–काला सिल्वर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–640/2025 दिनांक–14.12.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–काला सिल्वर) जिसका रजी0 नं0– JH03AE2288, चेचिस न0–MBLHAW111MHF58086, इंजन नं0–HA11EVMHF42957 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 371734 Police(25-26)#D

## संक्षिप्त समाचार

### यूजीसी नियमों का विरोध केवल जातिवादी मानसिकता वाले कर रहे

**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में 'इक्विटी कमेटी' बनाने के नए नियमों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि केवल जातिगत मानसिकता के लोग ही इसका विरोध कर रहे हैं। मायावती ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स (ट्विटर) पर लिखा कि देश की उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव के निराकरण और समाधान हेतु यूजीसी द्वारा सरकारी कॉलेज एवं निजी



यूनिवर्सिटियों में भी 'इक्विटी कमेटी' (समता समिति) बनाने के नए नियम के कुछ प्रावधानों को सामान्य वर्ग के केवल जातिवादी मानसिकता के ही लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। जो इसे अपने विरुद्ध भेदभाव व षड्यंत्रकारी मानकर रहे हैं। यह कतई भी उचित नहीं है। मायावती ने आगे लिखा कि उनकी पार्टी बसपा का यह भी मानना है कि इस प्रकार के नियमों को लागू करने के पहले अगर सभी को विश्वास में ले लिया जाता तो यह बेहतर होता और देश में फिर सामाजिक तनाव का कारण भी नहीं बनता। इस ओर भी सरकारों व सभी संस्थानों को जरूर ध्यान देना चाहिए। साथ ही नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में दलितों व पिछड़ों को भी, इन वर्गों के स्वार्थी व बिकाऊ नेताओं के भड़काऊ बयानों के बहकावे में भी क़तई नहीं आना चाहिये। जिनकी आड़ में ये लोग आए दिन घिनौनी राजनीति करते रहते हैं। अर्थात् इन वर्गों के लोगों को ज़रूर सावधान रहने की अपील है।

### हिंडन एयरपोर्ट समेत गाजियाबाद के इन 3 रूटों पर ई-बसें चलेंगी

#### जानें रूट और किराया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** हिंडन एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को जल्द ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी मिलेगी। एयरपोर्ट समेत तीन नए रूटों पर फरवरी से ई-बसों का परिचालन शुरू होगा। इसके लिए किराया और रूट तय कर लिया गया है। गाजियाबाद शहर को सिटी ट्रांसपोर्ट के लिए 50 ई-बसें मिली थीं। इनमें से अभी 36 अलग-अलग रूटों पर चल रही हैं। कुछ रूट पर यात्री कम मिल रहे थे। इन रूटों से बसों की




संख्या कम की जाएगी और खराब बसों को ठीक कर हिंडन एयरपोर्ट समेत तीन नए रूटों पर चलाया जाएगा। ई-बसें मधुबन बापूधाम से हिंडन एयरपोर्ट, मसूरी से दिलशाद गार्डन और वेव सिटी सेक्टर-पांच से दिलशाद गार्डन रूट पर चलाई जाएंगी। मधुबन बापूधाम से हिंडन एयरपोर्ट की दूरी करीब 19 किलोमीटर है, जहां किराया 35 रुपये तय किया गया है। वहीं मसूरी से दिलशाद गार्डन और वेव सिटी सेक्टर-पांच से दिलशाद गार्डन की दूरी 23 किलोमीटर है, जिसके लिए यात्रियों को 40 रुपये किराया देना होगा। उम्मीद है कि इन तीन रूटों पर ई-बसें चलने से करीब 15-20 हजार यात्रियों को लाभ मिलेगा। हर रूट पर छह-छह बसें चलाई जाएंगी, ताकि यात्रियों को ज्यादा इंतजार न करना पड़ेगा।

# वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन का वर्चुअल शुभारंभ, 25 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान शुरू






**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ की प्रमुख राष्ट्रीय जनसंपर्क और जन-जागरूकता पहल वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन-2026 का वर्चुअल शुभारंभ बुधवार सुबह 7:30 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली से किया गया। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को रवाना किया।

इस शुभारंभ के साथ 25 दिनों तक चलने वाले इस व्यापक राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। सीआईएसएफ की दो साइक्लिंग टीमें एक साथ पश्चिम बंगाल के बक्कखाली और गुजरात के लखपत से रवाना हुईं। ये टीमें देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों के करीब 6,500 किलोमीटर लंबे मार्ग को तय करते हुए नौ तटीय राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेंगी। इस साइक्लोथॉन का समापन 22 फरवरी 2026 को केरल के कोच्चि में होगा।

शुभारंभ समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इनमें युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की सचिव पल्लवी जैन गोविल, आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन, एनआईए के महानिदेशक राकेश अग्रवाल, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और एसएसबी के महानिदेशक संजय सिंघल शामिल रहे। सभी अतिथियों ने इंडिया गेट के निकट आयोजित संक्षिप्त साइकिल रैली में भी भाग लिया, जिससे विभिन्न मंत्रालयों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय और साझा संकल्प का संदेश गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि यह आयोजन वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् वह गीत है जिसने देश के स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा दी और आज भी नागरिकों को राष्ट्रसेवा की भावना से जोड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि तटीय सुरक्षा तभी मजबूत हो सकती है, जब तटीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने सीआईएसएफ को इंटरनेशनल शिप एंड पोर्ट फैसिलिटी सिक्योरिटी कोड के तहत मान्यता प्राप्त सुरक्षा संगठन का दर्जा मिलने को देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे सीआईएसएफ भारत की समुद्री और पत्तन सुरक्षा व्यवस्था में एक अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सागर' विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित तट और समृद्ध भारत का निर्माण करना है।

कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ और सीआईएसएफ बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रगौरव और देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के महानिदेशक ने कहा कि वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन-2026 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, बलिदान और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पहल नागरिकों को देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है। सीआईएसएफ तटीय साइक्लोथॉन-2026 के माध्यम से तटीय समुदायों को नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी जैसे खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# संगम विहार में बनेगी 5 किमी लंबी नई 4 लेन सड़क

## दिल्ली के कई इलाकों तक लाभ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के संगम विहार क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। शूटिंग रेंज टी-पॉइंट से लेकर संगम विहार जे-ब्लॉक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक कॉलोनी के पीछे की तरफ से करीब 5 किलोमीटर लंबी 4 लेन की नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है। एजेंसी से करार होने पर उसे डीपीआर बनाने के लिए 35 दिन का समय दिया जाएगा। परियोजना की लागत का आकलन डीपीआर बनने पर ही हो पाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में संगम विहार के लोग महरौली-बदरपुर रोड तक पहुंचने के लिए रतिया मार्ग का उपयोग करते हैं। यह मार्ग लगभग 3 किलोमीटर लंबा है, लेकिन संकरा होने के कारण इस पर दिनभर भीषण ट्रैफिक जाम रहता है। इस वजह से महरौली-बदरपुर रोड तक पहुंचने में 30 से 45 मिनट तक का समय लग जाता है। नई सड़क बनने से जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

लोगों को आसानी होगी- नई चार लेन सड़क के निर्माण से संगम विहार के लोगों को महरौली-बदरपुर रोड तक पहुंचने में काफी आसानी होगी। अधिकारियों के अनुसार, इस नए मार्ग के बन जाने के बाद यात्रा का समय घटकर मात्र पांच मिनट रह जाएगा। यह सड़क न केवल यात्रा समय में भारी कमी लाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति देगी।

**पेड़ों की गिनती की जाएगी**- सबसे पहले प्रारंभिक सर्वे के तहत फोटोग्राफी के साथ प्रस्तावित भूमि पर समस्याओं की पहचान की जाएगी। फिर टोटल स्टेशन सर्वे से विस्तृत मानचित्र तैयार किया जाएगा। पेड़ों की गिनती और उनकी प्रजातियों का सर्वेक्षण भी किया जाएगा। इन आंकड़ों के आधार पर योजना बनाई जाएगी।

# एम्स बिलासपुर में अब हवा में नहीं फैलेगा संक्रमण

- **तीन करोड़ 37 लाख से चाक-चौबंद होगा सेहत का सिस्टम**




**बिलासपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े और आधुनिक अस्पताल एम्स बिलासपुर में अब मरीजों को न केवल बेहतर इलाज मिलेगा, बल्कि अस्पताल के भीतर की हवा भी पूरी तरह शुद्ध और कीटाणु रहित होगी। एम्स प्रबंधन ने संस्थान के फेफड़ों यानी हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम को नया जीवन देने के लिए एक योजना तैयार की है। करीब तीन करोड़ सैंतीस लाख से अधिक के बजट से पूरे परिसर के कूलिंग और एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम का कायाकल्प किया जा रहा है।
अस्पताल ने इस पूरे सिस्टम को दो संवेदनशील हिस्सों में बांटा है, ताकि कहीं भी चूक की गुंजाइश न रहे। पहला मोर्चा हाई साइड 1.33 करोड़ की लागत से मुख्य चिलर प्लांट और भारी मशीनों का जिम्मा सीधे कॅरिअर कंपनी के विशेषज्ञों को सौंपा जा रहा है। ये मशीनें अस्पताल की ठंडक का मुख्य स्रोत हैं। दूसरा मोर्चा लो साइड 2.04 करोड़ के बजट से उन उपकरणों का रखरखाव होगा जो ओटी और वार्डों तक हवा पहुंचाते हैं। इसमें 30 विशेषज्ञों की टीम तैनात रहेगी। मरीजों की जान से कोई खिलवाड़ न हो, इसके लिए मशीनों को अब केवल ऑटो मोड पर नहीं छोड़ा जाएगा। एम्स प्रबंधन ने फैसला लिया है कि 30 कुशल तकनीकी कर्मचारियों की एक फौज 24 घंटे अस्पताल में तैनात रहेगी। यह टीम शिफ्टों में काम करेगी और हर एक घंटे में वेंटिलेशन की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देगी। इनमें मेकेनिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल तकनीशियन और बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम के एक्सपर्ट शामिल होंगे। संक्रमण रोकने के लिए एम्स ने इस बार अभूतपूर्व सख्ती दिखाई है। अनुबंध के मुताबिक एचईपीए फिल्टर टेस्ट में ओटी और आईसीयू में हवा को छानने वाले फिल्टरों का साल में एक बार इंटीग्रिटी टेस्ट होगा।
ओटी वैलिडेशन में हर ओटी का वैज्ञानिक परीक्षण होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वहां की हवा 100 फीसदी शुद्ध है। यूवी लैंप और स्क्रबर्स में हवा को शुद्ध करने के लिए विशेष अल्ट्रावायलट किरणों और एयर स्क्रबर्स का इस्तेमाल किया जाएगा।
लापरवाही पर भारी पेनल्टी, 4 घंटे की देरी और 5000 का दंड
एम्स प्रशासन ने ठेकेदारों पर लगाम कसने के लिए कड़े दंड नियम बनाए हैं। यदि अस्पताल के किसी हिस्से में कूलिंग खराब होती है और उसे 4 घंटे के भीतर ठीक नहीं किया गया, तो ठेकेदार पर 5000 प्रतिदिन का जुर्माना लगेगा। वहीं, ओटी वैलिडेशन में देरी पर 20,000 तक की कटौती की जाएगी।

### मिजोरम के स्कूलों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल, विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

**आइजल, एजेंसी।** हिंदी को बढ़ावा देने के लिए मिजोरम सरकार सभी स्कूलों में हिंदी बोलचाल दिवस शुरू करने की पहल करने वाली है। स्कूल शिक्षा मंत्री वानलाल्थलाना ने मंगलवार को कहा कि हिंदी बोलचाल दिवस सभी स्कूलों में महीने में एक बार राज्य स्कूल शिक्षा विभाग की देखरेख में मनाया जाएगा, जिसमें छात्रों और शिक्षकों को हिंदी में बोलने या बातचीत करने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य में, विशेष रूप से छात्रों के बीच, हिंदी बोलने में




दक्षता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। मिजोरम में हिंदी का उपयोग बहुत कम होता है क्योंकि यहां हिंदी बोलने वाले लोग कम हैं। मिजो और अंग्रेजी राज्य की आधिकारिक भाषाएं हैं। वानलाल्थलाना ने कहा कि हिंदी में दक्षता उन छात्रों के लिए बढ़ती जा रही है जो देश के अन्य हिस्सों में नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि उनके छात्र हिंदी धाराप्रवाह बोल सकें, और जो हिंदी नहीं बोलते हैं, उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। हिंदी की किताबें राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार की जाएंगी।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल प्रदेश को दी बड़ी सौगात, इस सड़क के लिए मंजूर किए 200 करोड़ रुपए




**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में थे और यहां उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कई अन्य मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इन मंत्रियों के साथ प्रदेश के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं को लेकर चर्चा की, साथ ही प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ रखा।

गडकरी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने सड़कों और पुलों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष के अंतर्गत छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर-ओच्छघाट सड़क के लिए सैद्धांतिक रूप से 200 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए। सरकार ने बताया कि इस योजना से हिमाचल में सेब उत्पादकों को बहुत फायदा होगा।

### पर्यावरण मंत्री को वास्तविक ट्री-कवर की जानकारी दी

उधर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ अपनी मुलाकात के दौरान सुक्खू ने उन्हें आधिकारिक तौर पर दर्ज 27.99 प्रतिशत के मुकाबले वास्तविक वृक्ष आवरण (ट्री-कवर) की विसंगति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल का वास्तविक हरित आवरण 29.5 प्रतिशत है, जबकि आधिकारिक आंकड़ों में यह 27.99 प्रतिशत दर्ज है। वनों के बाहर मौजूद पेड़ भी हरित आवरण और हिमालयी पारिस्थितिकी के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिन्हें गणना में शामिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हिमाचल के वास्तविक योगदान को न्यायपूर्ण पहचान दिलाने का सवाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अलग-अलग स्टेटस वाली प्राइवेट ज़मीनों पर कटाई पर भी सख्त रेगुलेटरी कंट्रोल रखता है, जिसके लिए उन्हें केंद्र सरकार से कोई क्रेडिट नहीं मिलता।

### हिमाचल के साथ भेदभाव होने की शिकायत की

मुख्मंत्री ने राज्य के असली इकोलॉजिकल और फॉरेस्ट्री योगदान को पहचानने के लिए फॉरेस्ट कवर में इस 1.5 प्रतिशत हिस्से को शामिल करने पर ज़ोर दिया। सुक्खू ने फाइनेंस कमीशन या केंद्र सरकार से मिलने वाले दूसरे आवंटनों के तहत जंगल और इकोलॉजी से जुड़ी सभी कैलकुलेशन के लिए 29.5 प्रतिशत जंगल और पेड़ों के कवर को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जंगल के बाहर के पेड़ों को कम आंकने से राष्ट्रीय इकोसिस्टम सेवाओं में हिमाचल प्रदेश के असली योगदान को कम आंका जाता है और पेड़ों की रक्षा करने वाले राज्य के खिलाफ भेदभाव पैदा होता है। मुलाकात के दौरान सुक्खू ने फाइनेंस कमीशन या केंद्र सरकार से मिलने वाले दूसरे आवंटनों के तहत जंगल और इकोलॉजी से जुड़ी सभी कैलकुलेशन के लिए 29.5 प्रतिशत जंगल और पेड़ों के कवर को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जंगल के बाहर के पेड़ों को कम आंकने से राष्ट्रीय इकोसिस्टम सेवाओं में हिमाचल प्रदेश के असली योगदान को कम आंका जाता है और पेड़ों की रक्षा करने वाले राज्य के खिलाफ भेदभाव पैदा होता है।

# बर्फ में दो दिन जिंदा रहने के लिए करते रहे संघर्ष

## मौत के बाद भी शवों के पास बैठा रहा कुत्ता



**चंबा, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की भरमाणी धार में ट्रैकिंग के दौरान लापता हुए दो ममेरे भाइयों के शव आखिरकार सोमवार को बरामद कर लिए गए। हालांकि, इस दौरान यह बात सामने आई की दोनों दो दिन अपने कुत्ते के साथ जिंदगी से जंग लड़ते रहे। इसके बाद भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण दोनों युवाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पीयुष (13) पुत्र विक्रमजीत निवासी घरेड़ और विकसित राणा (18) पुत्र दिवंगत संजय कुमार निवासी मलकोटा भरमौर के रूप में हुई है। हालांकि, कुत्ते ने वफादारी निभाई और चार दिन तक शवों के पास बैठा रहा। जानकारी के अनुसार दोनों युवक 22 जनवरी को ट्रैकिंग करने और वीडियो बनाने के उद्देश्य से भरमाणी धार की ओर ट्रैकिंग पर निकले थे। रात के समय अचानक आए बर्फीले तूफान में उनका टेंट क्षतिग्रस्त हो गया। 23 जनवरी की सुबह बर्फीले तूफान ने ने उन्हें पूरी तरह घेर लिया।

**युवक को फोन कर मदद की गुहार लगाई-** हालात बिगड़ते देख दोनों ने गांव के एक युवक को फोन कर मदद की गुहार लगाई। पुलिस और पर्वतारोहण दल ने भरमाणी माता मंदिर से तीन से चार फीट बर्फ में पैदल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। शाम करीब पांच बजे तक विकसित राणा से फोन पर संपर्क बना रहा, लेकिन जीपीएस लोकेशन भेजने के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। खराब मौसम के कारण बचाव दल को अभियान बीच में रोककर लौटना पड़ा।

### बचाव दल हेलिकाप्टर से उतरा तो कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनी

चंबा जिला के भरमौर में बर्फबारी में लापता दो युवकों की तलाश के दौरान एक दिल दहला देने वाला मंजर सामने आया। रेस्क्यू टीम को पीयूष का शव तो मिला, साथ में उसके पालतू की बफादारी ने सभी को भावुक कर दिया, जो 4 दिन से बिना खाए-पिए पीयूष के पास बैठा था। इस वफादारी की सब ओर चर्चा है। भरमाणी धार में दो युवाओं के साथ उनका कुत्ता भी फंसा था। चार दिन भूखे-प्यासे रहकर प्रचंड ठंड में वह अपने मालिक पीयूष (13) निवासी घरेड़ की रखवाली करता रहा। सोमवार को जैसे ही बचाव दल हेलिकॉप्टर से उतरा तो एक पेड़ के नीचे कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दी। नजदीक जाकर देखा तो पीयूष का शव वहां पड़ा था। जब वह उसके पास जाने लगे तो कुत्ते ने

### तीन फीट बर्फ में चलकर 30 पर्यटकों की बचाई जान

किन्नौर और रामपुर जा रहे 30 पर्यटकों के लिए यह बर्फ उस समय दुखदायी बन गई, जब निहरी से 10 किलोमीटर दूर चौकी में फंस गए। जैसे ही इसकी सूचना प्रशासन को मिली तो राजस्व विभाग निहरी में कार्यरत ऑफिस कानूनगो गंगा राम तीन फीट बर्फ में 10 किलोमीटर पैदल चलकर चौकी गांव पहुंचे। सूचना के अनुसार बौद्ध स्थल रिवालसर से 30 बौद्ध अनुयायियों से भरे वाहन ऊपरी हिमाचल के किन्नौर, रामपुर जा रहे थे। इन्हीं बौद्ध अनुयायियों को बर्फ से रेस्क्यू करने के लिए प्रशासन की तरफ से गंगा राम पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से पहले इन पर्यटकों को चौकी गांव स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह और लोगो के घरों में ठहराया। बाद में 25 जनवरी की शाम तक इनके रहने और खाने का इंतजाम भी किया। इसी दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ और जेई जेसीबी लेकर सड़क खोलने में लग गए। कार्यकारी तहसीलदार निहरी टेक चंद ने बताया कि उक्त बौद्ध अनुयायियों के साथ अन्य वाहन चालकों को भी 25 जनवरी की शाम तक सड़क बहाल कर रवाना कर दिया था।

# गुरुग्राम में 7 नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप



**गुरुग्राम, एजेंसी।** साइबर सिटी गुरुग्राम में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब शहर के सात प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। इस धमकी के बाद स्कूल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करते हुए बच्चों को परिसरों से सुरक्षित बाहर निकाला और सघन सर्च अभियान शुरू किया।

### सुबह-सुबह ई-मेल से मिली चेतावनी

जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन को यह धमकी भरे ई-मेल सुबह उस समय मिले जब छात्र स्कूल पहुंचने ही वाले थे। जैसे ही प्रशासन को इसकी सूचना दी गई, पुलिस और स्क्वॉड की टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं। कई स्कूलों में बसें पहुंच चुकी थीं, जिन्हें तुरंत वापस भेजा गया। जिन स्कूलों में बच्चे परिसर के अंदर दाखिल हो चुके थे, उन्हें सुरक्षा घेरे में बाहर निकाला गया।
अभिभावकों में बढ़ी चिंता, अलर्ट जारी

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### विकास की आड़ में प्रकृति की सुरक्षा दीवार को तोड़ने की तैयारी

विशेषज्ञों का मानना है कि अरावली के आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर को सामान्य बनाए रखने, रेगिस्तान बनने से रोकने और लोगों की आजीविका बचाने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है।देश में अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खनन तथा इसके पर्यावरण पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। ये तर्क सही हो सकते हैं कि खनन गतिविधियां विकास प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन क्या पर्यावरण की कीमत पर विकास की राह तलाशना उचित है? पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहे अरावली पर्वत-शृंखला के मसले को लेकर यह बहस जोर पकड़ रही है कि अगर कोई प्राकृतिक संरचना किसी क्षेत्र के लिए जीवन-धारा और सुरक्षा दीवार के रूप में खड़ी है, तो क्या उसका संरक्षण जरूरी नहीं है!हाल के वर्षों में अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियां बढ़ी हैं और इससे होने वाले नुकसान को लेकर उठी आवाज की अनदेखी हुई है। यही वजह है कि बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट किया कि अरावली में खनन और इससे संबंधित मुद्दों की व्यापक एवं समग्र जांच जरूरी है तथा इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाएगी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अरावली क्षेत्र में अवैध खनन से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हो सकती है।गौरतलब है कि पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी थी कि आसपास की जमीन से कम से कम सौ मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी के तौर पर माना जाएगा। अदालत की इस नई परिभाषा के बाद यह आशंका पैदा हो गई थी कि अगर सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन, निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों के रास्ते खुलेंगे, तो इसके बाद समूचे इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर पर्यावरणीय प्रभाव पड़ सकते हैं।क्योंकि, पहाड़ियों के बीच पांच सौ मीटर की दूरी के मानक से अरावली का बड़ा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण से बाहर हो सकता था। हालांकि, बाद में शीर्ष अदालत ने अपने इस फैसले को स्थगित करते हुए कहा था कि इस मामले में कुछ गंभीर अस्पष्टताओं का समाधान जरूरी है। अब न्यायालय ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ और वैज्ञानिकों के नाम सुझाने का निर्देश दिया है, ताकि विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके।मगर यह पहलू भी महत्त्वपूर्ण है कि विशेषज्ञों की समिति बिना किसी दबाव और निष्पक्षता से अध्ययन कर अपने सुझाव सामने रखे। इस चिंता को दूर करने के लिए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा है कि यह समिति उसके निर्देशन और निगरानी में कार्य करेगी।दरअसल, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात से लेकर दिल्ली तक के सैकड़ों किलोमीटर इलाके में फैली अरावली पर्वत-शृंखला को उत्तर भारत में पर्यावरण को संतुलित रखने की लिहाज से एक प्राकृतिक दीवार के रूप में देखा जाता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से अरावली क्षेत्र में जिस तरह पत्थर, रेत और अन्य संसाधनों की पूर्ति के लिए खनन गतिविधियां बढ़ी हैं, उससे इलाके के पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि अरावली के आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर को सामान्य बनाए रखने, रेगिस्तान बनने से रोकने और लोगों की आजीविका बचाने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है। इसे न केवल पर्यावरणीय, बल्कि भूगर्भीय और जलवायु संबंधी महत्त्व की दृष्टि से भी देखने और मूल्यांकन करने की जरूरत है। अगर अरावली की पहाड़ियों में अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खनन पर रोक नहीं लगाई गई, तो निश्चित रूप से निकट भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

*कुलमिलाकर भारत की गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर चुप्पी रणनीतिक स्वायत्तता और बहुपक्षीय कूटनीति को मजबूत करने की नीति का हिस्सा है। भारत का यह रुख फिलिस्तीन समर्थन, इसराइल के साथ सैन्य सहयोग और अमेरिकी दबाव से संतुलन बनाए रखने के लिए अपनाया गया है। जहाँ तक ऐतिहासिक फिलिस्तीन नीति की बात है तो भारत ने 1947 से फिलिस्तीन के आत्मनिर्णय और दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है, जो यूएन प्रस्तावों पर आधारित है।*

## गाजा बोर्ड ऑफ पीस की वैश्विक कशमकश

**(कमलेश पांडे)**

अलबत्ता, गाजा बोर्ड ऑफ पीस इसके गठन को लेकर जो वैश्विक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं उसमें अमेरिका के पिछलग्गू देश यानी पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, तुर्की, यूएई जैसे 35 से अधिक देशों ने इसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। जबकि चीन, फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताकर खारिज कर दिया है। गाजा बोर्ड ऑफ पीस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो गाजा संघर्ष को सुलझाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना का एक नया मॉडल प्रस्तुत करती है। चूंकि यह बोर्ड संयुक्त राष्ट संघ के पारंपरिक ढांचे से बाहर काम करने का अदद प्रयास है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई बहस छिड़ गई है। खासकर वैश्विक कशमकश बढ़ चुकी है, जिसके वैश्विक प्रभाव आने वाले वक्त में महसूस किए जाएंगे। सवाल है कि आखिर अपनी ही बनाई पुरानी विश्व व्यवस्था की अनदेखी करते हुए अमेरिका बिल्कुल नई तरह की विश्व व्यवस्था क्यों बनाना चाहता है? ब्रेक के बाद वह अपनी ही नीतियों को क्यों बदल देता है। आखिर वह शेष दुनिया को अमेरिकी मुगालते में क्यों रखना चाहता है? आखिर चीन, रूस, भारत, फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे, स्वीडन जैसे कद्दावर देश ऐसे पीस बोर्ड से दूरी क्यों बनाए हुए हैं? खास बात यह कि आखिर गाजा बोर्ड ऑफ पीस के अंतर्राष्ट्रीय मायने क्या हैं? और इसके पीछे के वैश्विक निहितार्थ से किसको क्या फायदा और क्षति होने के कयास लगाये जा रहे हैं? आइए सबसे पहले इस बोर्ड के स्वरूप को जान लेते हैं। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 2025 में इसकी शुरुआत की, जहां खुद ही वे ही यानी पदेन अमेरिकी राष्ट्रपति इसके प्रमुख होंगे और अन्य सदस्य देश तीन-तीन साल के लिए चुने जाएंगे। वहीं, इसकी स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर का योगदान जरूरी है, जबकि कार्यकारी बोर्ड में मार्को रुबियो, जेरेड कुशनर जैसे नाम शामिल हैं। यह बोर्ड गाजा के पुनर्निर्माण, प्रशासन और क्षेत्रीय समन्वय पर केंद्रित है। अलबत्ता, इसके गठन को लेकर जो वैश्विक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं उसमें अमेरिका के पिछलग्गू देश यानी पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, तुर्की, यूएई जैसे 35 से अधिक देशों ने इसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। जबकि चीन, फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताकर खारिज कर दिया है। खास बात यह है कि भारत जैसे अहम वैश्विक खिलाड़ी ने फिलिस्तीन समर्थन और यूएन-आधारित दो-राज्य समाधान की नीति के चलते अभी इस पर चुप्पी साध रखी है। जहां तक गाजा पीस बोर्ड के भविष्य के निहितार्थ की बात है तो यह बोर्ड यूएनएससी के समानांतर वैकल्पिक तंत्र बन सकता है, जो वैश्विक संघर्षों में मध्यस्थता करेगा। क्योंकि इसे यूएनओ ने 2027 तक सीमित मान्यता दी है, लेकिन रूस-चीन की असहमति से विवाद बढ़ा है। जबकि भारत जैसे उभरते गुटनिरपेक्ष देशों के लिए यह कूटनीतिक संतुलन की परीक्षा की घड़ी है। यही वजह है कि गाजा बोर्ड ऑफ पीस की अंतरराष्ट्रीय वैधता सीमित और विवादास्पद बनी हुई है, क्योंकि यह यूएनएससी प्रस्ताव 2803 (2025) से 2027 तक की अस्थायी मंजूरी पर टिकी है। देखा गया कि रूस-चीन जैसे देशों की असहमति से इसकी वैश्विक स्वीकार्यता कमजोर है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून पर सवाल उठाती है। जहां तक इसकी वैधता के आधार की बात है तो यूएनएससी ने इसे गाजा पुनर्निर्माण और विसैन्यीकरण के लिए अंतरिम वैधता प्रदान की, लेकिन यूएनओ के पूर्ण नियंत्रण के बिना। मसलन, बोर्ड को अंतरराष्ट्रीय कानूनी व्यक्तित्व दिया गया, जो फिलिस्तीनी तकनीशियनों की समिति और बहुराष्ट्रीय शांति बल के माध्यम से कार्य करता है। हालांकि, सदस्य चयन और जवाबदेही की कमी से इसकी आलोचना भी हो रही है। जहां तक गाजा पीस बोर्ड के संभावित प्रभ व की बात है तो यह यूएनओ के समानांतर तंत्र के रूप में यूएनओ की एकाधिकार को चुनौती दे सकता है, खासकर वैश्विक संघर्षों में। वहीं, ट्रंप की आजीवन अध्यक्षता जैसी संरचना से लंबे समय में वैधता संकट गहरा सकता है। जबकि भारत जैसे देशों की चुप्पी से बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रासंगिकता पर बहस तेज हो रही है। कहना न होगा कि रूस और चीन का गाजा बोर्ड ऑफ पीस में असहयोग अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को कमजोर करता है, लेकिन बोर्ड की वैधता को पूरी तरह समाप्त नहीं करता। दरअसल यह असहमति बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रासंगिकता पर सवाल उठाती है और वैकल्पिक गठबंधनों को बढ़ावा दे सकती है। जहां तक इस बोर्ड के कानूनी आधार की बात है तो रूस-चीन ने बोर्ड को यूएन चार्टर के अनुच्छेद 2(4) के तहत शक्ति राजनीति का माध्यम बताकर खारिज किया, जो क्षेत्रीय संप्रभुता के हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करता है। यूएनएससी प्रस्ताव 2803 की अस्थायी मंजूरी के बावजूद, इनकी वीटो शक्ति से स्थायी वैधता अवरुद्ध हो सकती है। जहां तक गाजा पीस बोर्ड के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ की बात है तो यह बोर्ड को सॉफ्ट पावर तंत्र तक सीमित रखेगा, जहां अमेरिकी प्रभाव वाले देश ही मान्यता देंगे। जबकि लंबे समय में, यह अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौतियां जन्म दे सकता है, जैसे फिलिस्तीन या प्रभावित देशों द्वारा ढ्ष्ट्छ्र में अपील पहल संभव है। वहीं, भारत जैसे तटस्थ देशों को भी अतिरिक्त कूटनीतिक दबाव झेलना पड़ेगा। देखा जाए तो भारत गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर रणनीतिक चुप्पी अपनाए हुए है, जो बहुपक्षीय संस्थाओं को प्राथमिकता और संतुलित कूटनीति को दर्शाता है। भारत का यह रुख फिलिस्तीन समर्थन, इसराइल के साथ मजबूत संबंधों और यूएन सुधारों पर जोर को अधिक संतुलित करता है। दरअसल भारत की चुप्पी के कारण हैं, क्योंकि वह डांवांडोल अमेरिकी कूटनीति पर ज्यादा एतबार नहीं कर सकता है। भारत के साथ अमेरिकी नीतिगत चालबाजी के चलते ही इंडिया ने दावोस 2026 में गाजा बोर्ड ऑफ पीस के लॉन्च में भाग नहीं लिया, क्योंकि यह यूएन प्रस्तावों पर आधारित दो-राज्य समाधान से भटकता दिखता है। चूंकि पीएम मोदी ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत जैसे जी-फोर (जी4) देशों के साथ यूएनएससी विस्तार पर फोकस कर रहे हैं, न कि अमेरिकी वैकल्पिक तंत्र पर। इसलिए भी भारत ने इससे दूरी दिखाई है। इसके अलावा, इस बोर्ड में अमेरिकी पिछ्लै पाकिस्तान की भागीदारी से भी भारत को क्षेत्रीय संतुलन की चिंता है। इसलिए भारत भविष्य की रणनीति पर बल दे रहा है। अपनी इसी कूटनीति के तहत भारत यूएन सुधारों को आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करेगा, और गाजा बोर्ड ऑफ पीस को अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी में रखेगा। वहीं, यदि यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों में विस्तार चाहेगा, तो भारत तटस्थता बनाए रखकर आईसीजे या यूएन मंचों पर सक्रिय हो सकता है।

## क्या नोएडा के युवा इंजीनियर युवराज की मौत से सिस्टम लेगा सबक?

**(दीपक कुमार त्यागी)**

इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12.05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी। नोएडा के युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने देश के सिस्टम में व्याप्त लापरवाही पूर्ण सोच व खामियों की एकबार फिर से पोल खोलने का कार्य कर दिया है। दुर्घटना के बाद किसी के घर का चिराग सिस्टम की लापरवाही से पूरी वीरता से लड़ते हुए कुंभकर्णी नींद में सो रहे सिस्टम को जगाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही उत्तर प्रदेश के सिस्टम में हड़कंप मचा हुआ है, जिसके चलते ही तत्काल नोएडा प्राधिकरण ने इस घटना की जांच कराने की घोषणा कर दी थी और प्रारंभिक जांच के आधार पर अपनी गाज गिराते हुए एक इंजीनियर की नौकरी से समाप्ति तक की कार्रवाई कर दी, वहीं युवराज के पिता ने भी एफआईआर दर्ज करवाई है, और नोएडा प्रशासन ने भी दो लापरवाह बिल्डरों के खिलाफ़ एफ़आईआर दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस जांच करके आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं इस दुखद घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करते पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब करने आदेश दिए हैं, एसआईटी के गठन के तुरंत बाद ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. (आईएएस) को हटा कर प्रतिक्षा सूची में रख दिया गया है। लेकिन इस घटना के बाद लगता है कि ऐसी भयंकर लापरवाही वाली स्थिति में क्या कभी भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाने के सपना को धरातल पर साकार होते हुए देखना हर देशभक्त भारतीय का अपना सपना है। लेकिन देश के सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों का लापरवाही पूर्ण व भ्रष्टाचार युक्त आचरण इस में सबसे बड़ा बाधक है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह सपना धरातल पर कैसे मूर्तरूप लेगा, यह एक बड़ा सवाल हर देशभक्त भारतीय के जहन में अक्सर घूमता रहता है। नोएडा में सिस्टम में बैठे कुछ लोगों की लापरवाही का एक उदाहरण शुक्रवार की रात नोएडा में हुई एक कार दुर्घटना के बाद देखने को मिला, जिस तरह से नोएडा में दिलो-दिमाग को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना घटित हुई, उसने दुनिया में हमें उपहास का पात्र बना दिया है, क्योंकि देश एक तरफ़ तो चंद्रमा व मंगल तक अंतरिक्ष की ऊंचाई को छूने का कार्य कर रहा है, वहीं सागर की गहराइयों को चीरते हुए तल तक जा रहा है, लेकिन सिस्टम को बचाव का पूरा समय मिलने के बावजूद भी सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों की अनिर्णय की स्थिति या लापरवाही के चलते देश के भविष्य 27 वर्षीय युवा इंजीनियर को जमीन पर भी नहीं बचा पा रहा है, जो ठीक नहीं है। यहां आपको बता दें कि इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12◌ः05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5987

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5986

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5987

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | 13 | | | ■ | |
| ■ | 14 | | | | ■ | 15 | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 18 | | | ■ |
| ■ | 19 | | | | ■ | 20 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 3 जून 1918 को मध्यप्रदेश में यहां गांधीजी की अध्यक्षता में हिंदी साहित्य सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पारि प्रस्ताव द्वारा हिंदी राजभाषा मानी गई (3)
4. ये यूनानी दर्शनिक जो प्लेटो के गुरू थे (4)
8. पन्ने की चौड़ाई में विभाग, स्तंभ (3)
9. दंत पक्तियों वाली लोहे की चौकोर कंघी, अरहर के डंठलों की झाड़ू (4)
10. मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
11. जो रिश्तें में पिता का पिता हो (2)
12. सहयोग, मदद, इमदाद (4)
14. एक भूमिगत तना जो औषधि और मसाले में प्रयक्त होता है (4)
16. भूलना, भुला देना (4)
17. कुल, सारा, समाप्त (3)
18. यह इंद्र का सारधि था कहते हे राम रावण के युद्ध में यही श्रीराम का सारथि था (3)
19. यह जंबू द्वीप के अरबखंड में स्थित एक देश जो 1971 में स्वतंत्र हुआ (4)
20. विश्व की एक मात्र फिल्म जो एक पात्रीय थी (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मना या वर्जित करने का भाव (3)
2. धन-संपत्ति, रूपया-पैसा (3)
3. तरंग, लहर-पेंग एक विलायती मदिरा (2)
4. सुखदेने वाला, सुखदाता (5)
5. टेक्स देने वाला, करदायक (4)
6. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
7. करी से काट-छांट करना (4)
12. सर्वोच्च स्थान (3)
13. पराजित होना, शिकस्त खाना (3)
14. घर-गृहस्थी का सामान आदि (4)
15. इस देश का पूर्व में सोमाली लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में जाना जाता था (2)
17. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो, वहीं (2)
18. प्रतिष्ठा, इज्जत, नापने की क्रिया (2)

### वर्ग पहेली 5986 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्र | मे | व | ज | य | ते | ■ | गु |
| मि | ल | न | ■ | म | ह | सू | ल |
| क | न | ■ | ग | ज | रा | ■ | फा |
| ■ | बै | रा | ग | ■ | न | सी | म |
| म | ठ | ■ | न | बी | ■ | प | ■ |
| ■ | ना | का | म | ■ | ■ | ■ | गा |
| क | ■ | म | णि | र | त्न | म | ■ |
| वि | य | ना | ■ | क्स | ■ | घा | ट |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको थकान महसूस होगी। नींद पूरी न लेने के कारण अपच की समस्या हो सकती है। मन की बातें दूसरों से शेयर न करें। आपकी बातों का लोग बुरा मान सकते हैं। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़ी समस्या होगी। अपने मित्रों पर अविश्वास न करें।

### वृष
आज सिर्फ अपने काम पर ही फोकस बनाये रखें। दूसरे कार्यों में दिमाग न लगायें। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। व्यापार में नये साथी जुड़ सकते हैं।

### मिथुन
आय के नये स्रोत निर्मित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। पैतृक व्यवसाय में उत्तम धन-लाभ होगा। परिवार के सदस्यों से राय लेना आपके लिये हितकर रहेगा। सोशल मीडिया में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

### तुला
राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में ताजगी आयेगी। परिवार का बेहतरीन सहयोग मिलेगा। घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। आपके खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। किसी मांगलिक उत्सव की योजना बनायेंगे।

### वृश्चिक
आज का दिन थोड़ा तनावग्रस्त होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में खर्चों के कारण थोड़ी खिट-पिट हो सकती है। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आपका अपमान हो। कुछ जरूरी कार्य अटक सकते हैं। कारोबार में अनुबन्ध होने की सम्भावना है। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

### धनु
परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। करियर को लेकर दिन काफी अच्छा रहेगा। घर की आवश्यकताओं के बोझ में दबे रहेंगे। लोग आपके साथ होने का दिखावा कर सकते हैं। इसीलिये अपना मत प्रकट करने में सावधानी रखें। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

### कर्क
धन की कमी के कारण जरूरी काम रुक सकते हैं। अधिकारियों के साथ तनाव दूर होगा। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। कोई रुकी हुयी डील आज आपके सामने आ सकती है। लेकिन विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

### सिंह
अपने काम को लेकर फोकस करेंगे। सन्तान की समस्याओं का समाधान होगा। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। प्रेम सम्बन्धों में नयी ऊर्जा का संचार होगा। उच्च अधिकारी आपसे सन्तुष्ट रहेंगे।

### कन्या
आप अपने सभी काम समय पर पूरे कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको लाभ प्राप्त होगा। मार्केटिंग सम्बन्धी गतिविधियों से धन लाभ हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

### मकर
कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। भाई-बन्धुओं के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनन्द लेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे। सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### कुंभ
आपको नयी-नयी बातें जानने को मिलेंगी। सन्तान को लेकर तनाव दूर होगा। खानपान की आदतों पर नियन्त्रण रखें। आज का काम कल पर न टालें। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। मित्रों के साथ खास विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

### मीन
आपकी जीवनशैली अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## न्यूज बाइट्स

### राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मनाया गया भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जन-धन की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भूकंप सुरक्षित निर्माण विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में महाविद्यालय परिसर में 15 से 28 जनवरी तक भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन और सुरक्षित निर्माण तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी दी गई। पखवाड़े के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को भूकंप के समय अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों, सुरक्षित भवन निर्माण की तकनीकों तथा आपात स्थिति में त्वरित और सही निर्णय लेने के तरीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल तकनीकी ज्ञान देना था, बल्कि आपदा के समय सामूहिक जिम्मेदारी और अनुशासित व्यवहार के महत्व को भी रेखांकित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने कहा कि भूकंप जैसी आपदाएं बिना किसी पूर्व चेतावनी के आती हैं, ऐसे में सुरक्षित निर्माण और आपदा प्रबंधन की जानकारी हम सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करते हैं। प्राचार्य ने भूकंप सुरक्षा पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति और असैनिक अभियंत्रण विभाग के प्रयासों की सराहना की। भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के सुचारू संचालन के लिए असैनिक अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार सिंहा तथा सहायक प्राध्यापक प्रो. सचिन कुमार को नामित किया गया था, जिनके नेतृत्व में सभी कार्यक्रमों का प्रभावी और अनुशासित ढंग से आयोजन किया गया।

### पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है और अपराध के खिलाफ व्यापक व आक्रामक अभियान चला रही है। इसी क्रम में बीते 24 घंटे के भीतर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित कुल 53 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि यह विशेष अभियान अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने, नशा कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने और आम लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी हत्या, हत्या के प्रयास, पोक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट तथा अवैध शराब बिक्री सहित अन्य आपराधिक मामलों में वांछित थे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 27 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि शेष आरोपियों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई जारी है।

एनएच-139 की फोर लेनिंग को मिली रफ्तार, शेष खंडों के लिए डीपीआर बनाने का केंद्रीय मंत्री का निर्देश

# अरवल, दाउदनगर व औरंगाबाद में 4-लेन बाईपास को मिली स्वीकृति

- पूरे मार्ग को चरणबद्ध तरीके से फोर लेन में विकसित करने की योजना।
- वर्षों से दुर्घटनाओं, जाम और जर्जर सड़क से परेशान थे लोग, अब राहत की उम्मीद।

**दुर्घटनाओं और जाम से मिलेगी राहत**

सांसद ने कहा कि वर्षों से एनएच-139 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं, भीषण जाम और सड़क की जर्जर स्थिति आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई थी। लेकिन अब अरवल और दाउदनगर में 4-लेन बाईपास के अलाइनमेंट और प्रारंभिक निर्माण कार्यों को मंजूरी मिलने से इन समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। साथ ही शेष खंडों के लिए डीपीआर तैयार होने के बाद पूरे मार्ग को फोर लेन में बदलने की प्रक्रिया



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 (पटना–अरवल–दाउदनगर–औरंगाबाद–हरिहरगंज) के फोर लेन विस्तार की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अरवल, दाउदनगर और औरंगाबाद क्षेत्र में 4-लेन बाईपास के संरेखण (अलाइनमेंट) को पहले ही मंजूरी दे दी है, वहीं अब मंत्रालय ने अरवल और दाउदनगर के चार लेन बाईपास निर्माण के प्राक्कलन को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने एनएच-139 के शेष खंडों के विकास के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश भी जारी कर दिया है, जिससे पूरे मार्ग को चरणबद्ध तरीके से फोर लेन में विकसित किया जा सकेगा।

**क्षेत्रीय विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा निर्णय**

सांसद ने कहा कि यह निर्णय पूरे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों की जान बचेगी, बल्कि यात्रा समय में भी उल्लेखनीय कमी होगी। साथ ही व्यापार, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा बिहार और झारखंड (हरिहरगंज तक) के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार के अवसर और समग्र क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जनप्रतिनिधि के रूप में जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है और वे आगे भी क्षेत्र की बुनियादी ढांचागत जरूरतों को लेकर लगातार प्रयास करते रहेंगे।

**केंद्रीय मंत्री के प्रति जताया आभार**

सांसद ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी ओर से, औरंगाबादवासियों की ओर से तथा सभी लाभान्वित जिलों की जनता की ओर से उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं।

## सरकारी अस्पताल परिसरों में सक्रिय बिचौलियों पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सरकारी अस्पतालों के परिसरों में सक्रिय बिचौलियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश जिलाधिकारी-सह-जिला समुचित प्राधिकार, पीसीपीएनडीटी एवं जिला सलाहकार समिति की अध्यक्ष अभिलाषा शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान दिए। यह बैठक गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम, 1994 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आहूत की गई थी। बैठक में सिविल सर्जन ने जिले में संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में अल्ट्रासाउंड केंद्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष, रेफरल अस्पताल नबीनगर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रारंभ की जाएंगी, जिससे आम जनता को सरकारी स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण से संबंधित प्राप्त आवेदनों के आलोक में जिला स्तरीय तकनीकी जांच दल द्वारा दिए गए प्रतिवेदनों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिले में अवैध रूप से, बिना पंजीकरण या निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित निजी क्लिनिक, नर्सिंग होम, अस्पताल, पैथोलॉजिकल जांच गृह एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। इसके लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर जांच दल गठित कर नियमित निरीक्षण कराने का निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के परिसरों में सक्रिय ऐसे बिचौलियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, जो मरीजों और उनके परिजनों को गुमराह कर निजी नर्सिंग होम, निजी जांच गृह, एक्स-रे केंद्र या निजी दवा दुकानों की ओर भेजते हैं। इसके लिए सभी प्रखंडों में छापामार दल का गठन कर औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की गतिविधियां आम लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित करती हैं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न करती हैं, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह के मामलों में दोषियों के साथ-साथ संलिप्त पाए जाने वाले सरकारी कर्मियों के विरुद्ध भी कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, एसएनसीयू के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुप कुमार सिंहा, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवेश भट्ट, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि सिंह, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल तथा रोटरी क्लब के अध्यक्ष मरगूब आलम उपस्थित रहे।

## विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के निधन पर पूर्व सांसद ने जताया शोक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में एनसीपी प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित कई लोगों के असामयिक निधन पर भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और दुखद बताते हुए कहा कि यह समाचार पूरे देश के लिए स्तब्ध कर देने वाला है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि अजीत पवार ने लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन में रहते हुए महाराष्ट्र की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका निधन न केवल उनके समर्थकों के लिए, बल्कि संपूर्ण राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत सभी पुण्यात्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल और धैर्य दें। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

इस दुखद घटना पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, देव के पूर्व उपप्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला पार्षद रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, विनोद सिंह, राजेश सिंह, नरेश सिंह उर्फ मुखिया, पिंटू सिंह, अमरीश सिंह, टनटन सिंह, पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविंद्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनींद्र राम, जदयू के प्रदेश महासचिव रणजीत चंद्रवंशी, प्रवीण गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय सिंह, जिला प्रवक्ता जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, सुबोध सिंह सहित अन्य समाजसेवियों ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डीएवी पब्लिक स्कूल दानी बीघा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



डीएवी पब्लिक स्कूल, दानी बीघा में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ हुई, जिसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना मिश्रा ने मुख्य अतिथि जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी राघवेंद्र प्रताप सिंह (छोटका बाबू) तथा श्री आलोक बाबू की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के चारों सदनों—अग्नि, आकाश, त्रिशूल एवं पृथ्वी हाउस—के छात्र-छात्राओं ने अनुशासित मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। अपने स्वागत संबोधन में प्रधानाचार्या ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में न्याय, स्वतंत्रता, समता, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और बंधुत्व के मूल्यों पर बल देते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे उच्च आदर्शों को आत्मसात कर देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं ने तिरंगे को समर्पित भावपूर्ण समूह गान प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'संदेशे आते हैं' गीत ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कक्षा चौथी, पांचवीं, छठी और सातवीं के छात्र-छात्राओं ने हुला-हूप प्रदर्शन और मानव पिरामिड बनाकर जोश और देशभक्ति का संदेश दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

भाषण कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी के छात्र प्रबल, कक्षा प्रथम की छात्रा आश्वी, कक्षा पांचवीं की छात्रा अद्विका तथा ग्रीक राज ने अपने विचार व्यक्त कर देश के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। हाल ही में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं ने 'जयतु-जयतु' नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

विद्यालय की संगीत शिक्षिका अंतर घोष की विशेष प्रस्तुति भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही, जिसे उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ समारोह का समापन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और छात्रों में राष्ट्र के प्रति गर्व और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## सड़क सुरक्षा की आदतें बचपन से ही विकसित करना जरूरी : डीटीओ



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा संकेतकों और सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से औरंगाबाद की जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में बुधवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों और युवाओं को सड़क पर सुरक्षित चलने और वाहन संचालन से जुड़े आवश्यक नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सार्वजनिक सड़कों पर लगाए जाने वाले विभिन्न यातायात संकेतक चिन्हों जैसे स्टॉप साइन, नो पार्किंग, नो एंट्री, स्पीड लिमिट, स्कूल अहेड और ज़ेब्रा क्रॉसिंग के महत्व के बारे में बताया तथा इनके पालन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सुरक्षित ढंग से पैदल चलने के नियमों की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उन्हें रोजमर्रा के जीवन में सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां किस प्रकार बड़े हादसों को टाल सकती हैं। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा की आदतें बचपन से ही विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में सुरक्षित, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण हो सके।

## सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद के शिक्षा विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय कुलगीत एवं विश्वविद्यालय कुलगीत के सामूहिक गायन के उपरांत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में शिक्षक की पहचान, पुनर्संकल्पना, स्वायत्तता, सशक्तिकरण एवं जवाबदेही" रखा गया है, जिस पर देश के विभिन्न शिक्षाविद अपने विचार साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षक को केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि समाज निर्माण की केंद्रीय धुरी के रूप में देखती है। शिक्षक की भूमिका अब मार्गदर्शक, शोधकर्ता और नवाचार के प्रेरक के रूप में और अधिक सशक्त हुई है।

इस संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही हैं, जबकि संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा मार्गदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन हैं, जिनके नेतृत्व में संगोष्ठी का समग्र आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी के प्रथम दिन प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के शिक्षा संकाय के प्राध्यापक डॉ. (प्रो.) योगेन्द्र पांडे ने व्याख्यान दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण, अकादमिक स्वतंत्रता और संस्थागत जवाबदेही पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षक का सतत व्यावसायिक विकास अनिवार्य है।

## देव महोत्सव में आरएलएसवाई कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, कई प्रतियोगिताओं में जीते खिताब

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



देव में 25 से 27 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय देव महोत्सव के अंतर्गत हुई विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में रामलखन सिंह यादव (आरएलएसवाई) कॉलेज, औरंगाबाद के छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महोत्सव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की सहभागिता के बीच आरएलएसवाई कॉलेज के विद्यार्थियों ने कई प्रतियोगिताओं में पदक और ट्रॉफी जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। महोत्सव के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र प्रेम प्रभात ने बेहतरीन बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में कॉलेज की महिला कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जो कॉलेज के लिए गर्व का विषय रहा। इसके अतिरिक्त कॉलेज की महिला खो-खो टीम, पुरुष खो-खो टीम तथा पुरुष कबड्डी टीम ने कड़े और रोमांचक मुकाबलों में उपविजेता (रनर-अप) स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि कॉलेज में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सभी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीमवर्क, धैर्य और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया, जिसे दर्शकों और निर्णायकों ने भी सराहा। महोत्सव के समापन समारोह (27 जनवरी) को विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र, खेल प्रेमी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और कॉलेज में खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को मिल रहे निरंतर प्रोत्साहन का परिणाम है।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक हुआ फरार

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना पुलिस एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार सुबह हसपुरा–मेहंदिया पथ पर पीरू गांव के पास छापेमारी कर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुबह के समय इस मार्ग से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर बड़ी संख्या में गुजरते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस और खनन विभाग की टीम ने पीरू गांव के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान दो ट्रैक्टर को रोका गया, लेकिन चालक ट्रैक्टर लेकर भागने का प्रयास करने लगे। भागने के क्रम में एक ट्रैक्टर चालक ने बिजली के खंभे में टक्कर मार दी, इसके बाद दोनों चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया, जहां ट्रैक्टर मालिकों और फरार चालकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश चौधरी
प्रधानाध्यापक
रा. मध्य विद्यालय, धनौती
प्रखंड-बारूण, जिला औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बलिराम पासवान
प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय, पूर्णाडीह
प्रखंड-मदनपुर, जिला औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश कुमार
प्राचार्य
राजकीयकृत 10+2 उच्च विद्यालय, वार
प्रखंड-मदनपुर, जिला औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेश पाठक
शाखा प्रबंधक
दी औरंगाबाद जिला सेंट्रल कॉ-ओपरेटिव बैंक
शाखा : मदनपुर, जिला औरंगाबाद

DAY CUM RESIDENTIAL SCHOOL
NATIONAL SCHOOL OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
Managed by "BHARTI TRUST
Std. NC to X (C.B.S.E, New Delhi)
Amjhar Sharif, Haspura, Aurangabad | 9934791920, 9631258985
गणतंत्र दिवस पर सभी छात्र-छात्राएं और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष तिवारी
निदेशक

राजेश कुमार
प्रबंधक